वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2012-13

राअंअनुके
NRCG

राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे
National Research Centre for Grapes, Pune

वार्षिक प्रतिवेदन | Annual Report 2012-13

राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र

(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)

डाक पेटी संख्या 3, मांजरी फार्म डाकघर, सोलापुर रोड, पुणे - 412 307
दूरभाष : 020-26956000 • फैक्स : 020-26956099 • ई.मेल : nrcgrapes@gmail.com

National Research Centre for Grapes

(Indian Council of Agricultural Research)

P. B. No. 3, Manjri Farm P. O., Solapur Road, Pune - 412 307
Tel. : 020-26956000 • Fax : 020-26956099 • Email : nrcgrapes@gmail.com
Web site : http://nrcgrapes.nic.in

सही उद्धरण Correct Citation :
वार्षिक प्रतिवेदन 2012–13. राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र (भाकृअनुप), पुणे. पृ. 106
Annual Report 2012–13. National Research Centre for Grapes (ICAR), Pune. Pp. 106

संपादन Edited by :
डॉ. पां. गु. अडसूले Dr. P. G. Adsule
डॉ. अनुराधा उपाध्याय Dr. Anuradha Upadhyay
डॉ. जो. सतीशा Dr. J. Satisha
डॉ. अ. कु. शर्मा Dr. .K. Sharma
डॉ. दी. सि. यादव Dr. D. S. Yadav

फोटो क्रेडिट्स Photo Credits :
डॉ. स. दी. सावंत Dr. S. D. Sawant
डॉ. दी. सिं. यादव Dr. D. S. Yadav

हिन्दी अनुवाद Hindi Translation :
डॉ. अनुराधा उपाध्याय Dr. Anuradha Upadhyay
डॉ. अ. कु. शर्मा Dr. A. K. Sharma
डॉ. दी. सिं. यादव Dr. D. S. Yadav

वर्ड प्रोसेसिंग Word Processing :
सुश्री शैलजा वि. साटम Ms. Shailaja V. Satam

प्रकाशन Published by :
निदेशक, राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे – 412 307
Director, National Research Centre for Grapes, Pune - 412 307

© No part of this report can be reproduced without the prior permission of Director, National Research Centre for Grapes, Pune

मुद्रण Printed at : Flamingo Business Systems, 19, Laxminagar Commercial Complex No. 1, Shahu College Road, Pune 411 009. Telefax : 020-24214636, flamingo.b.s@gmail.com, srgupta.tej@gmail.com

विषय-सूची
Contents

1.	प्रस्तावना Preface	i
2.	कार्यकारी सारांश Executive Summary	v
3.	परिचय Introduction	1
4.	अनुसंधान उपलब्धियां Research Achievements	5
5.	सहयोगी, बाह्य वित्त पोषित, अनुबंध अनुसंधान और परामर्श परियोजनाएं Collaborative, Externally Funded, Contract Research and Consultancy Projects	65
6.	तकनीक आंकना और स्थानांतरण Technology Assessed and Transferred	72
7.	शिक्षा एवं प्रशिक्षण Education and Training	76
8.	पुरस्कार और सम्मान Awards and Recognitions	81
9.	बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं सहित संपर्क और सहयोग Linkages and Collaboration Including Externally Funded Projects	83
10.	प्रकाशन Publications	84
11.	विभिन्न समितियों की बैठक और महत्वपूर्ण निर्णय Meetings of QRT, RAC, IMC, IRC with Significant Decisions	89
12	परामर्श, पेटेंट और प्रौद्योगिकियों का व्यवसायीकरण Consultancy, Patents and Commercialization of Technology	96
13.	अनुमोदित अविरत संस्थान कार्यक्रम Approved On-Going Institute Programmes	96
14.	वैज्ञानिकों की बैठक, कार्यशाला, सेमिनार आदि में भागीदारी Participation of Scientists in Meetings, Workshops, Seminars etc.	98
15.	विशिष्ट आगंतुक Distinguished Visitors	100
16.	अनुसंधान एवं प्रबंधन और अन्य कर्मचारी वर्ग Research and Management Personnel and Other Staff	101
17.	बुनियादी ढांचे का विकास Infrastructure Development	103
18.	अन्य गतिविधियां Other Activities	103
19.	मौसम संबंधी आंकडे Meteorological Data	105
20.	लघुरुप Abbreviations	106

प्रस्तावना
Preface

राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र की स्थापना जनवरी 1997 में भारत में अंगूर उत्पादन तथा प्रसंस्करण से सम्बन्धित मुद्दों पर मिशन-उन्मुखी अनुसंधान कार्य के लिए हुई। अब तक संस्थान ने बुनियादी ढांचे के विकास, अनुसंधान परिणामों और लाभार्थियों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के मामले में अद्भुत प्रगति की है। हालांकि, आने वाले वर्षों में, जलवायु प्रत्यास्थी प्रौद्योगिकी विकास पर अनुसंधान, श्रम और विभिन्न आदानों की बचत, वाइन विज्ञान तकनीकी और उस परिप्रेक्ष्य में बुनियादी ढांचे के निर्माण को सबल किया जाना है।

अनुसंधान फसल सुधार, फसल उत्पादन, फसल संरक्षण और कटाई पूर्व और पश्चात प्रौद्योगिकी के व्यापक क्षेत्रों के तहत आयोजित किया जाता है। अंगूर उद्योग की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में पन्द्रह संस्थान कार्यक्रमों के तहत शोध किया जाता है।

संस्थान राष्ट्रीय सक्रिय अंगूर जर्मप्लाज्म का स्थल है और 38 नयी अंगूर प्रविष्टियाँ शामिल की गयीं। केंद्र में विकसित अनेक अंगूर संकरों का उनकी उपज और फल गुणवत्ता मापदण्डों के लिए आंकलन किया जा रहा है। महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में अंगूर उत्पादकों के बगीचों से क्लोनल चयन कर बड़ी मणि आकार वाले पांच उत्परिवर्ती लताओं की पहचान की गयी। उत्पादन प्रौद्योगिकी में खाने योग्य अंगूरों पर चल रहे अनुसंधान के अलावा, वाइन अंगूरों पर प्रयोगों पर ध्यान केन्द्रित किया गया। रोग और कीट के एकीकृत प्रबंधन के लिए कार्यनीति के विकास को उच्च प्राथमिकता दी गयी और अनेक महत्वपूर्ण परिणाम हासिल हुए। कटाई पश्चात प्रौद्योगिकी में, फल भार का वाइन अंगूरों के फल संघटकों पर असर और किशमिश में भूरापन कम करने के लिए एस्कॉर्बिक अम्ल के उपचार के प्रभाव पर प्रयोग हुए।

संस्थान ने 2012-13 के लिए कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के कीटनाशी अवशेष निगरानी कार्यक्रम का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया, जिसके फलस्वरूप इस वर्ष युरोप और पडोसी देशों को 55,000 टन अंगूर का निर्यात हुआ। निर्यात और घरेलू बाजार में खाने योग्य अंगूर में

National Research Centre for Grapes, Pune was established in January 1997 with the research mandate to address the issues related to grape production and processing in India. So far institute has made tremendous progress in terms of infrastructure development, research output and technology transfer to beneficiaries. However, in the coming years, the research has to be addressed to climate resilient technology development apart from saving of labours, various input costs and enology techniques and building up of infrastructure in that perspective.

Research is conducted under the broad areas of crop improvement, crop production, crop protection and pre and post-harvest technology. Presently research is conducted under fifteen institute research programmes keeping in view the priorities of grape industry.

The Institute is the site for National Active Grape Germplasm and has added 38 new grape accessions. Several grape hybrids developed at the Centre are under evaluation for their yield and fruit quality parameters. Clonal selections were also made in grower's field in different parts of Maharashtra and identified five mutants for their bolder berries. In production technology, the experiments focussed on wine grape varieties apart from the on-going work on table grape varieties. Development of strategies for integrated management of diseases and pests was given priority and significant results were obtained. In Postharvest Technology, experiments were held to study the effect of crop load on fruit composition of wine grape and effect of ascorbic acid treatment to reduce browning in raisins.

Institute has also successfully implemented pesticide residue monitoring programme of Agricultural and Processed Food Products Export Development Authority (APEDA) for 2012-13 resulting in the highest export quantity of table grapes i.e. 55,000 MT during 2012-13 to Europe and other neighbouring countries.

खाद्य सुरक्षा, देश में एक उदाहरण के रूप में उभरी है और इन मापदण्डों को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण अधिनियम द्वारा अन्य खाद्य सामग्रीयों पर भी लागू किया जा रहा है।

संस्थान की वेबसाइट पर जानकारी देने के अलावा, वैज्ञानिकों की नियमित क्षेत्र यात्राओं, उत्पादक सेमिनार में भागीदारी, उनकी अंत:स्थान बातचीत, नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम, उत्पादकों क्षेत्र में नई तकनीक का प्रदर्शन आदि के माध्यम से प्रौद्योगिकी का प्रचार प्रसार किया।

इस अवधि के दौरान, केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ के साथ उप उष्णकटिबंधीय फलों के लिए अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत अंगूर की फसल पर तकनीकी कार्य की निगरानी की। संस्थान ने सर्वप्रथम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद हब बैठक का आयोजन किया जिसमें पुणे क्षेत्र में स्थित भा.कृ.अनु.प. के संस्थान, राज्य कृषि विश्वविद्यालय और राज्य सरकार के विस्तार विभाग को सम्मिलित किया गया। विभिन्न मूलवृन्तों पर फ्रांस वाइन किस्मों की भारतीय परिस्थितियों में उपयुक्तता नामक भारत-फ्रांस कार्यशाला का आयोजन किया गया, जो 2008 में केंद्र में आरंभ सहयोगी प्रायोगिक परिक्षण के परिणामस्वरूप था। संस्थान, तापमान और आर्द्रता तनाव में अंगूर उपज बनाए रखने के लिए निर्णय समर्थन पद्धति पर राष्ट्रीय निधि परियोजना का प्रमुख केंद्र है। संस्थान पौ.कि.कृ.अ.सं. प्राधिकरण के डीयूएस परियोजना का केंद्र है। जैवप्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा दो अनुसंधान परियोजनाओं को वित्तीय मंजूरी दी गयी।

अधोहस्ताक्षरी और डॉ. कौ. बॅनर्जी, नैशनल फेलो ने इजमीर तुर्की में 17-23 जून-2012 को आयोजित 35 वीं विश्व अंगूर लता और वाइन काँग्रेस और ओ आइ वी (अंतर्राष्ट्रीय अंगूर लता और वाइन संस्था) की महासभा में भाग लिया। उन्होंने विएन्ना, ऑस्ट्रिया में 25 जून 2 जुलाई 2012 को आयोजित यूरोपीय कीटनाशी अवशेष कार्यशाला और खाद्य सुरक्षा पर एफएओ/आइएइ कार्यशाला में भाग लिया और यूनाइटेड किँगडम की राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा रेफरल प्रयोगशाला का दौरा किया। इसके अलावा कुछ वैज्ञानिक, तकनीकी और प्रशासनिक कर्मचारियों को उनके क्षेत्र में आधुनिकता विकास और तकनीकी के प्रति सचेत रखने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों में प्रशिक्षण दिया।

Table grape food safety has now emerged as an example in the country for domestic and export market and being extended to other food commodities by Food Safety and Standards Authority Act of India (FSSAI).

Institute provided technology dissemination to stakeholders through field visits of scientists and participation in growers' seminar, in house interaction, training programmes, organization of demonstration plots in farmers' vineyards and placing information on its website.

During this period, technical work of grape crop in All India Coordinated Research Project – Subtropical Fruits (Grapes) attached to CISH, Lucknow was monitored for all the coordinating Centers. Institute also organized first time ICAR Hub meeting involving ICAR Institutes, State Agricultural Universities and State Government Extension Department in the region. Indo-French Workshop on 'Suitability of French wine varieties on different rootstocks under Indian conditions was organized which was the result of collaborative experiment trial initiated at the Centre in 2008. The Institute is the lead Centre for National Fund Project on 'Decision support system for sustaining grape productivity under temperature and moisture stress'. Institute is the Centre for DUS project of PPV-FRA. Two new research projects were sanctioned by Department of Biotechnology, New Delhi.

The undersigned and Dr. K. Banerjee, National Fellow participated in 35th World Congress of Vine and Wines and General Assembly of OIV (International Organization of Vine and Wine) at Izmir in Turkey besides European Pesticide Residue Meeting and FAO/IAEA workshop in Vienna in Austria and also the visit to National Referral Laboratories for Food Safety in UK in June-July 2012. In addition, a few scientists, technicians and administrative staff were trained in different national organizations to keep them abreast with the latest developments, techniques and tools in their respective field.

प्रशिक्षण, परामर्श, अनुबंध अनुसंधान और सेवाओं, रोपण सामग्री और कृषि उपज की बिक्री के माध्यम से संस्थान ने ₹45.57 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया।

संस्थान ने देश में अंगूर उद्योग के विभिन्न हितधारकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए ठोस प्रयास किए हैं और हितधारकों ने विभिन्न मंचों पर इन प्रयासों को सराहा है। इस सफलता का श्रेय, मुख्यालय, नई दिल्ली से समर्थन के अलावा संस्थान के वैज्ञानिक, तकनीकी, प्रशासनिक और सहायक कर्मचारियों को जाता है।

मैं, डॉ. एस. अय्यप्पन सचिव, डेयर और महानिदेशक, भाकृअनुप; डॉ. एचपी सिंह, पूर्व उप महानिदेशक (बागवानी), भाकृअनुप; और डॉ. एन. के. कृष्ण कुमार, उप महानिदेशक (बागवानी) भाकृअनुप; से प्राप्त मार्गदर्शन और प्रोत्साहन अभिलेखित करना चाहता हूं। मैं इस महत्वपूर्ण दस्तावेज की तैयारी में मेरे वैज्ञानिक और तकनीकी स्टाफ के सदस्यों के प्रयासों की भी सराहना करता हूं।

Institute earned revenue of Rs. 45.57 lakhs by organizing trainings, consultancies, contract research services and sale of planting material and farm produce.

The Institute has made concerted efforts to fulfil the aspirations of the various stakeholders of grape industry in the country and these efforts have been acknowledged by stakeholders at different fora. For this success, the credit goes to the scientific, technical, administrative and supporting staff of the Institute and support from the Headquarters office at New Delhi.

I would like to place on record the guidance and the encouragement received from Dr. S. Ayyappan, Secretary, DARE and Director General, ICAR; Dr. H. P. Singh, Former Dy. Director General (Hort.), ICAR; and Dr. N. K. Krishna Kumar, Dy. Director General (Hort.), ICAR. I also appreciate the efforts and help received from my scientific and technical staff members in the preparation of this important document.

स्थान / Place : पुणे / Pune
दिनांक / Date : 31 मई 2013 / 31st May 2013

(पां. गु. अडसूले / P. G. ADSULE)
निदेशक / Director

कार्यकारी सारांश
Executive Summary

राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र की स्थापना जनवरी 1997 में भारत में अंगूर उत्पादन तथा प्रसंस्करण से सम्बन्धित मुद्दों पर मिशन–उन्मुखी अनुसंधान कार्य के लिए हुई।

वर्तमान में अनुवांशिक संसाधन और सुधार, फसल उत्पादन, फसल संरक्षण एवं कटाई पश्चात प्रौद्योगिकी अनुसंधान के व्यापक क्षेत्र है। 15 संस्थानीय अनुसंधान कार्यक्रमों के अलावा अनेक बाह्य निधिबद्ध परियोजनाएं भी उन्नति पर हैं। केंद्र में परामर्श सेवाएं और अधिदेश से सम्बन्धित अनुबन्धित अनुसंधान पर भी कार्य किया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में पिछले वर्ष हुई उपलब्धियों का सारांश निम्नलिखित है।

आनुवांशिक संसाधन और सुधार

वर्ष के दौरान जर्म प्लाज्म में 38 नई अंगूर प्रविष्टियां शामिल की गयी। जर्म प्लाज्म ब्लॉक में 232 प्रविष्टियों को फल अवस्था में पर्ण कुंचन, मणि दाग और पाउडरी मिल्ड्यू संक्रमण के लिए जांचा गया। नौ प्रविष्टियों में मणि दाग और फलन के कोई लक्षण नहीं पाये गए। अनेक सफ़ेद और रंगीन क़िस्मों और संकरों का उपज और फल संघटक मापदण्डों के लिए आंकलन किया गया। सफ़ेद क़िस्मों में ऑटम सीडलैस में और रंगीन क़िस्मों में ऑटम रॉयल में सर्वाधिक गुच्छा वजन पाया गया। केंद्र में विकसित रेंगस्पे × थॉमसन सीडलैस का संकर एएच4–12 में विरल गुच्छे और बहुफ़लदायकता पायी गई।

कुछ डाउनी मिल्ड्यू प्रतिरोधी संकरो की 10 माईक्रोसटेलाइट मार्कर द्वारा संकरण की पुष्टि की गयी और आगे मूल्यांकन के लिए उन्हें क्षेत्र में स्थापित किया गया। महाराष्ट्र के विभिन्न अंगूर उत्पादन क्षेत्रों में उत्पादक के अंगूर बगीचों में क्लोनल चयन द्वारा पाँच उत्परिवर्ती की पहचान हुई जिनमें मणि आकार मातृक लताओं के मुक़ाबले अधिक था।

अंगूर के ईएसटी डेटा बेस के *इन सिलिकों* विश्लेषण में 165 जीन पहचान की गयी जिनमें से 110 जीन में डी एन ए आकर्षण और एंजाइम कार्यों से संबन्धित संरक्षित डोमेन पाए गए। इनमे से पाँच जीन की अभिव्यक्ति का विश्लेषण किया जाएगा।

National Research Centre for Grapes, Pune was established in January 1997 to undertake mission oriented research to address the issues related to grape production and processing in India.

Research is conducted under broad areas of genetic resource management and improvement, production technology, plant health management and post harvest technology. Several externally funded projects are also in progress. The centre also undertakes consultancy services and contractual research related to its mandate. The research achievements made during 2012-13 are briefly summarized below.

Genetic Resource Management and Improvement

38 new grape accessions were added to the germplasm. 232 accessions were screened for incidence of leaf curl, berry scarring and powdery mildew infections during the fruiting season. Nine accessions showed no incidence of berry scarring and cracking, 26 accessions were slightly affected and 21 were moderately affected. Several varieties and hybrids were evaluated for yield and fruit composition parameters. Maximum bunch weight was recorded on Autumn Seedless among white, while Autumn Royal recorded maximum bunch weight among colour varieties. A hybrid of Rangspey x Thompson Seedless, AH4-12 was found to be prolific bearers with loose bunches.

Hybridity for some of the downy mildew resistant hybrids was confirmed using 10 microsatellite markers and they were established in field. Clonal selection in grower's vineyards in different grape growing regions of Maharashtra identified five mutants which were having bolder berries compared to their mother vines.

In *in silico* analysis, 165 genes were predicted using EST database of grapes, in which 110 genes were found to contain conserved domains like DNA binding, different enzymatic functions etc. Five genes were selected for their functional analysis.

उत्पादन प्रौद्योगिकी

कॅबरनेट सॉविग्नॉन के लिए मूलवृन्तों के प्रक्षेत्र आंकलन में कायिक मापदंडो जैसे छंटाई वजन, मूलवृंत : कलम अनुपात और केन में प्रतिशत शुष्क पदार्थ में महत्वपूर्ण भिन्नता पायी गयी। सर्वाधिक वृध्दि 110 आर पर तथा उसके बाद ग्रेविसेक और एसओ 4 मूलवृंत पर पायी गयी। मूलवृंतों का प्रभाव कॅबरनेट सॉविग्नॉन के पर्णवृंत में खनिज तत्त्व जैसे पोटॅशियम, सोडियम, जिंक और मैंगनिज़ की मात्रा पर हुआ।

विभिन्न मूलवृंत पर कलमित थॉमसन सीडलैस में प्रोटीओम विश्लेषण के लिए, प्रोटीन निष्कर्षण के परिष्कृत विधि का प्रयोग कर विभिन्न वृद्धि अवस्था पर एकत्रित उत्तक नमूनों का द्विडी–इलेक्ट्रोफोरेसिस द्वारा विश्लेषण किया। कलिका विभेदन अवस्था पर विश्लेषण में 110आर और स्वमूलित लताओं में डॉगरिज मूलवृंत के मुक़ाबले स्टार्च का तीव्र हाईड्रोलिसिस हुआ। 110आर पर कलमित और स्वमूलित लताओं में आमइलेज गतिशीलता में वृद्धि से इसका सहसंबंध पाया गया। साथ ही 110आर पर कलमित और स्वमूलित लताओं में उच्च कलिका विभेदन प्रतिशतता मापी गयी।

110आर मूलवृंत पर कलमित 19 लाल और सफ़ेद वाइन क़िस्मों का वृद्धि, उपज, फल संघटन और मस्ट मापदण्डों के लिए आंकलन किया गया। मिनी वाई प्रशिक्षण प्रणाली पर प्रशिक्षित कॅबरनेट सॉविग्नॉन लताओं में सर्वाधिक प्रति लता उपज पायी गयी जबकि सर्वाधिक टीएसएस और जूस प्राप्ति वीएसपी प्रशिक्षित अंगूर लताओं में पाई गई। सॉविग्नॉन ब्लैंक के गुच्छा क्षेत्र में चयनात्मक पर्ण निकासन से जूस में मैलिक अम्ल और जूस प्राप्ति में कमी जब कि टीएसएस और फिनोलिक पदार्थों की मात्रा में बढ़ोतरी हुई।

प्रयुक्त पोटॅशियम के अंगूर लताओं के प्रत्यक्ष और अवशिष्ट प्रभाव के प्रयोग में कलिका विभेदन, पूर्ण पुष्पन अवस्था और विरेजन चरण पर अनुपचारित लताओं जिनमें न्यूनतम मात्रा में अवशिष्ट पोटॅशियम उपलब्ध था, में न्यूनतम पर्णवृन्त पोटॅशियम मात्रा पायी गयी। मृदा में सर्वाधिक उपलब्ध पोटॅशियम उपचार में पर्णवृन्त पोटॅशियम मात्रा सर्वाधिक थी। 110 आर मूलवृंत पर कलमित कॅबरनेट सॉविग्नॉन लताओं के लिए पोटॅशियम की क्रांतिक सीमा 375 पीपीएम तय की गयी। इसी प्रकार फल कली विभेदन और पूर्ण पुष्पन अवस्था पर पर्णवृन्त पोटॅशियम के लिए क्रांतिक

Production Technology

Field evaluation of rootstocks for Cabernet Sauvignon grapes revealed significant variation for vegetative parameters such as pruning weights, stock-scion ratio and percent dry matter in canes. Highest vigor was recorded on 110R, Gravesac and SO4 rootstock. Rootstocks significantly influenced petiole mineral content of Cabernet Sauvignon with respect to potassium, sodium, zinc and manganese.

For proteomic analysis of Thompson Seedless grapes grafted on different rootstocks refined protocol for protein extraction was used for performing 2D electrophoresis of tissue samples collected at different stages of growth cycle. Enzymatic studies during the process of bud break revealed rapid hydrolysis of starch in Thompsons Seedless vines grafted on 110R and own rooted vines, as compared to Dogridge. This was correlated with corresponding increase in the activity of amylase in 110R and own rooted vines. Highest percent of bud break was recorded on 110R rootstock and in own rooted vines.

19 red and white wine grape varieties grafted on 110R rootstock were evaluated for their performance with respect to growth, yield, fruit composition and must parameters. Cabernet Sauvignon grape vines trained to mini Y training system produced maximum yield per vine while highest TSS and juice recovery was recorded in VSP trained vines. Selective leaf removal in cluster zone in Sauvgnon Blanc wine grapes reduced malic acid and potassium content in juice, while increased soluble solids and phenolic compounds.

Potassium content in petioles at bud differentiation stage, full bloom stage and veraison stage was lowest in control treatment and highest in treatment having highest available K content in soil. 375 ppm of soil K was established as critical limit for Cabernet Sauvignon vines raised on110R rootstock. Similarly critical limit of petiole K at fruit bud differentiation stage and full bloom stage was established as 0.70% and 0.8% respectively. Sodium

सीमा क्रमशः 0.70% और 0.80% पाई गयी। सभी अवस्थाओं के नमूनों में सोडियम की मात्रा सुरक्षित सीमा के अंदर थी।

कॅबरनेट सॉविग्नॉन में सर्वाधिक जल प्रयोग क्षमता (103.42 किग्रा/मिमी सिंचाई जल) वार्षिक वृद्धि चक्र के दौरान प्राप्त वर्षा के अलावा, न्यूनतम सिंचाई स्तर 182.81 मिमी जल, पर मापी गयी।

मांजरी नवीन, शरद सीडलैस, रेड ग्लोब, क्रिमसन सीडलैस और ताश-ए-गणेश में नेफथलीन एसिटिक एसिड की विभिन्न मात्रा के अनुप्रयोग से पुष्पक्रम उभार विकार प्रेरण में भिन्नता पायी गयी। कटाई के समय अंगूर में निम्न शर्करा संचय के विभिन्न कारण जैसे उच्च फल भार, शीघ्र फल छंटाई, नाइट्रोजन खाद अत्यधिक प्रयोग, ब्रेसिनोस्टिरॉयड और सीपीपीयू का अत्यधिक प्रयोग पाए गए।

पादप स्वास्थ्य प्रबंधन

11 नये फंफुदीनाशकों और 10 निम्न पर्यावरण रूपरेखा वाले उत्पादों का फंफुदीनाशकों के संयोजन में पाउडरी और डाउनी मिल्ड्यू के नियंत्रण के लिए जैव प्रभावकारिता का आकंलन किया और बीमारियों के प्रभावी नियंत्रण के लिए उचित मात्रा का मानकीकरण किया गया।

शरद सीडलैस अंगूरों में कटाई से पूर्व काइटोसन @ 70% और काइटोसन @ 90% के छिडकाव से न्यूनतम सड़न सूचकांक मिला। मौसम भविष्यवाणी और पीडीआई के आधार पर एंथ्रेक्नोज के आपद आंकलन के लिए मॉडेल बनाकर उसका परीक्षण किया।

इलेक्ट्रोस्टेटिक छिडकाव यंत्र की छिडकाव क्षमता के अध्ययन में पाया गया कि इन यंत्रों में छिडकाव सामग्री की लता पर उत्तम व्याप्ति होती हैं लेकिन वायु सहायता प्रद और उच्च तीव्रता यंत्र के मुक़ाबले इस यंत्र से मध्यम और आंतरिक वितान में अधिक छिडकाव निक्षेप नहीं था।

खाने वाले अंगूर और वाइन अंगूर क़िस्मों के 200 से अधिक पर्ण एवं फल नमूनों का फैनलीफ विषाणु के लिए परीक्षण किया और किसी भी नमूने में विषाणु की उपस्थिति नहीं पायी गयी।

कोलेटोट्राइकम आइसोलेट्स की रोगात्मक विविधता के

content in petioles was with in safe limits at all the stages of sampling.

In Cabernet Sauvignon vines, highest water use efficiency of 103.42 kg of grapes/mm of irrigation water applied was recorded with application of least irrigation water of 182.81 mm along with rains received during annual growth cycle.

Manjri Naveen, Sharad Seedless Red Globe, Crimson Seedless and Tas-A-Ganesh varieties responded differently to different concentration of NAA in inducing rachis swelling disorder. Incidence of low sugar accumulation in grapes at harvest was attributed to higher crop load, early fruit pruning, excess application of nitrogenous fertilizers, brassinosteroids and CPPU.

Plant Health Management

11 new fungicides and 10 low environment profile products in combination with fungicides were evaluated for control of powdery and downy mildew diseases and the effective doses were standardized for control of the diseases.

Pre harvest sprays of Chitosan @ 70% and Chitosan @ 90% showed least rotting index in Sharad Seedless grapes. Model for estimating risk of anthracnose has been prepared and tested on the basis of old recorded weather data and PDI of anthracnose.

Studies on spraying efficiency of electrostatic sprayers indicated that ESS sprayer has good coverage of spray material on vine, but did not show increase in spray deposits in middle and inner canopy as compared to air assisted or high volume sprayer.

More than 200 leaf and fruit samples of table and wine grape varieties were tested for Fanleaf virus and none of the samples were positive for its presence.

In studies on pathological diversities of *Colletotrichum* isolates, three isolates collected from hot arid regions showed more virulence. Biochemical

अध्ययन में शुष्क उष्ण क्षेत्र से एकत्रित तीन आइसोलेट में अधिक प्रचंडता पाई गई। अंगूर प्रविष्टियों में जैव रसायनिक अध्ययन से एन्थ्रेक्नोज प्रतिरोधकता में पोलीफिनोल ऑक्सीडेज और परऑक्सीडेज की संभावित भूमिका का संकेत मिला। एन्थ्रेक्नोज पीडीआई के लिए मौसम मापदंड का योगदान पाया गया। बैक्टीरिया के 15 आइसोलेट ने *कोलेटोट्राइकम ग्लोस्पोराइडिस* 38–पी–2 के प्रति विरोधकता दिखाई। *कोलेटोट्राइकम* के कारबेंड़ाजिम प्रतिरोधक आइसोलेट की पहचान के लिए एससीएआर मार्कर का विकास किया गया।

अंगूर लता और जड़ क्षेत्र से प्राप्त चार *बैसिलस* आइसोलेट ने कीटनाशी प्रोफेनोफोस की क्षय दर में बढ़ोतरी की। 13 पंजीकृत फंफुदीनाशकों के विरूद्ध *ट्रायकोडरमा* के 16 आइसोलेट की संवेदन शीलता का अध्ययन किया। सल्फर न्यूनतम विषाक्त और तत्पश्चात मेंकोजेब, डाइमिथोमोर्फ, साइमोक्जेनिल, एजोक्सिस्ट्रोबिन, पाइराक्लोस्ट्रोबिन और कॉपर हाइड्रॉक्साइड विषाक्त पाये गए।

विभिन्न क्षेत्रों में अंगूर में थ्रिप्स की तीन प्रजातियों का पर्याक्रमण पाया गया जिनमें सें *सिरटोथ्रिप्स डोरसेलिस* हुड सर्व साधारण प्रजाति थी। 12 रसायनों की जैव प्रभाविकता का थ्रिप्स, जैसिड, केटरपिलर और फ्लिया बीटल पर परीक्षण हुआ और कीट संकुल के बहु लक्षीकरण के लिए एक कार्यनीति का विकास किया गया। इससे एकल कीट नियंत्रण के लिए रसायनों के छिडकाव में कमी होगी। थ्रिप्स नियंत्रण के लिए स्पिनोसेड़ 45एससी और सायनट्रेनीलीप्रोल 10ओडी का गुच्छा उपचारण अनुप्रयोग के लिए जीए$_3$ और सीपीपीयू के साथ युग्मित प्रयोग उपयोगी पाया गया।

रेड स्पाइडर माइट के अलावा, दो नई माइट प्रजातियों का अंगूर बगीचों में संक्रमण देखा गया। माइट प्रबंधन के लिए हेक्जीथायाजोक्स 25 ग्रा सक्रिय संघटक प्रति हेक्टेअर सर्व प्रभावी पाया गया। प्रयोगशाला में गुलाबी मिली बग, *मेकोनेलिकोकस हिरसुटस* के वृद्धि मापदण्डों के निर्धारण और प्रभावी प्रबंधन कार्यनीति विकसित करने के लिए जीवन तालिका का अध्ययन किया गया। रेड स्पाइडर माइट के विरुद्ध *स्टे. राणी* कपूर और पिंक मिलीबग के विरुद्ध *क्रिप्टोलिमस मॉन्टोझीरी* एवं *अनागायरस सूडोकोक्सी* की परीजीवी क्षमता का अध्ययन किया गया।

अंगूर में फोसेटिल ए1 और इथिरल 37 के दृढता और क्षय

analysis of grape accessions for screening against downy mildew and anthracnose resistance indicated the possible role of polyphenol oxidase and peroxidase in imparting resistance to anthracnose disease. Weather parameters like leaf wetness, minimum temperature and RH mean contributed significantly for PDI of anthracnose diseases. Fifteen bacterial isolates showed antagonism to *C. gloeosporioides* 38-P-2. SCAR markers were developed for the identification of Carbendazim resistant isolates of *Colletotrichum*.

Four *Bacillus* strains isolated from grapevines or grape rhizosphere could enhance the degradation of insecticide profenofos. The sensitivity of 16 *Trichoderma* isolates were studied against 13 registered fungicides at field doses. Sulphur was found to be the least toxic followed by Mancozeb, dimethomorph, cymoxanil azoxystrobin, pyraclostrobin and copper hydroxide.

Three species of thrips were found infesting grapes in Nashik, Sangli, Pune and Solapur areas of which *Scirtothrips dorsalis* Hood was found to be most common. The bio-efficacy of 12 chemicals was tested on thrips, jassids, caterpillars and flea beetle. A strategy of 'multi-targeting of pest complex' has been developed. This will help in reducing application of separate chemicals for control of individual pests. Two dippings of bunches with spinosad 45SC and cyantraniliprole 10OD along with GA_3 + CPPU could effectively control thrips incidence.

Along with commonly known red spider mite, two new species of mites were found infecting grapevines. Hexythiazox @ 25 g a.i. per hectare was found effective in managing mites. Life table studies of pink mealybug, *Maconellicoccus hirsutus* were conducted in the laboratory to determine its growth parameters and to develop effective management strategies. Predatory potential of *S. rani* against red spider mites; *Cryptolaemus montrouzieri* and *Anagyrus pseudococci* against pink mealybugs were studied.

Persistence and dissipation studies of Fosetyl-Al and Etherel 37 and translocation studies of two

का अध्ययन और दो कीटनाशी जैसे क्लोथायडिन और इमिडाक्लोप्रिड के स्थानान्तरण का अध्ययन हुआ। अंगूर मेट्रिक्स में 250 यौगिक पदार्थों के 12 मिनट के अंदर पृथक्करण के लिए तीव्र जीसीएमएस विधि का मानकीकरण हुआ। फल और सब्जियों में मध्यम से उच्च पोलर कीटनाशी और पादप वृद्धि कारकों सहित 200 से अधिक पदार्थों के विश्लेषण के लिए, मिथेनॉल आधारित, एक सामान्य, मजबूत और अचूक विधि का विकास किया गया।

निर्यात के 350 अंगूर नमूनों को यूरापीय संघ–न्यूनतम अवशिष्ट सीमा से अनुरुपता के लिए आंका गया। महाराष्ट्र की विभिन्न वाइनरी से लिए वाइन के 80 नमूनों की केसीन के गुणात्मक और मात्रात्मक आंकलन के लिए जांच की गयी। किशमिश के 92 नमूनों की कीटनाशी अवशेषों कि लिए जांच की गयी।

अंगूर व्याधियों और कीटों पर डिजीटल जानकारी के लिए दो सीडी–रॉम बनाए गए।

कटाई उपरान्त प्रौद्योगिकी

कॅबरनेट सॉविग्नॉन में, शीघ्र छंटाई और अधिक फल भार, मणि में निम्न अम्ल मात्रा का संभावित कारण पाया गया। डिग्री दिन और धूप की अवधि का कुल ठोस पदार्थ मात्रा से सकारात्मक सहसंबंध परंतु मणि अम्लता से नकारात्मक सहसंबंध था। देर छंटाई हुई लताओं के अंगूर से गुणवत्ता वाइन बनी जिनमें अम्लता की उचित मात्रा थी। जबकि शीघ्र छंटाई वाली अंगूर लताओं से बनी वाइन में अधिक रंग गहनता, टैनिन और मालविडिन–3–ग्लुकोसाइड थे।

किशमिश बनाने की विभिन्न विधियों में से, अंगूरों का 25 मिली/लि इथाईल ओलिएट + 40 ग्रा/लि पोटॅशियम कार्बोनेट से उपचार सभी गुणवत्ता मापदंड के लिए सर्वोत्तम था। सुखाने के दूसरे दिन अंगूर गुच्छों पर 100 पिपीएम एस्कोर्बिक अम्ल का छिड़काव करने से गुणवत्ता किशमिश बनी।

गुणवत्ता पौध सामग्री का उत्पादन

वर्ष के दौरान कुल 2.5 लाख कटिंग, कलमित पौध और मूलवृंत का उत्पादन किया गया। पौध सामग्री बेचकर ₹ 3.48 लाख का राजस्व आय प्राप्त हुई।

insecticides viz. clothianidin and imidacloprid was studied in grapes. A fast GC-MS method was established for separation of 250 compounds within 12 min. in grape matrix. A simple, rugged and accurate methanol based method was developed for multiresidue analysis of more than 200 compounds comprising mid polar to highly polar pesticides and plant growth regulators in fruits and vegetables.

Almost 350 grape samples for export were assessed for their compliance to the EU-MRL. A total of 80 wine samples collected from different wineries in Maharashtra state were screened for qualitatively and quantitative analysis of Casein as allergen. About 92 raisin samples were analysed for pesticide residues.

Two CD-ROM's consisting of digital information on grapevine disease and insect pests were developed.

Post-harvest Technology

Early pruning with higher crop load in Cabernet Sauvignon was found to be possible reason for low content of acids in berries. Degree days and sunshine hours were positively correlated with TSS and negatively correlated with acidity in the berries. Grapes harvested from late pruned vines resulted in quality wines with respect to acidity in terms of pH, total acids and malic acid. Early pruned vines produced wine having high color intensity, tannins, TPI and malvidin-3-glucoside compared to later pruned vines.

Raisins made from grapes dipped with 25 ml ethyl oleate + 40 g potassium carbonate/l was superior over other treatments for all the quality parameters studied except mouth feel. Grape bunches sprayed with 100 ppm of ascorbic acid on 2nd day of drying produced quality raisins.

Production of Quality Planting Material

A total of 2.5 lakhs cuttings, grafted plants and rootstocks were produced during the year. Revenue of ₹ 3.48 lakhs was generated through the sale of planting material.

प्रौद्योगिकी स्थानांतरण

अंगूर उत्पादन के विभिन्न पहलुओं और छंटाई उपरान्त तकनीक के बारे में जानकारी विभिन्न हितचारकों को पहुंचाई गई। इसके लिए विभिन्न माध्यमों जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रक्षेत्र भ्रमण, अंगूर उत्पादकों उत्पाद संघों के सेमिनार में भागीदारी, संस्थान में आए उत्पादकों से संवाद और संस्थान की वेबसाइट पर जानकारी की उपलब्धता आदि का प्रयोग किया गया।

वर्ष के दौरान, वैज्ञानिकों ने विभिन्न संस्थाओं जैसे अंगूर उत्पाद संघ, राज्य सरकार, वाइन बोर्ड, प्राइवेट संस्थाओं आदि द्वारा आयोजित विभिन्न सेमिनार में भाग लिया। अंगूर उत्पादकों ने भी प्रक्षेत्र भ्रमण और संस्थान में आकर वैज्ञानिकों से अंगूर उत्पादन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

मानव संसाधन विकास

निदेशक और एक वैज्ञानिक ने इजमीर तुर्की में 17–23 जून 2012 को आयोजित 35 वीं विश्व अंगूर लता और वाइन काँग्रेस और ओआइवी (अंतर्राष्ट्रीय अंगूर लता और वाइन संस्था) की महासभा में भाग लिया और दो तकनीकी प्रलेख प्रस्तुत किए। उन्होंने विएन्ना, ऑस्ट्रिया में 25 जून – 2 जुलाई 2012 को आयोजित यूरोपीय कीटनाशी अवशेष कार्यशाला और खाद्य सुरक्षा पर एफएओ/आइएइए कार्यशाला में भी भाग लिया।

एक वैज्ञानिक ने एनएआइपी के तत्वज्ञान में कोरनेल विश्वविद्यालय, ईथाका, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका जैव सूचना विज्ञान (बागवानी) के क्षेत्र में तीन महीने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

छः वैज्ञानिक, एक तकनीक और एक प्रशासनिक कर्मचारी को उनके क्षेत्र में ज्ञानार्जन के लिए विभिन्न राष्ट्रीय संस्थाओं में प्रशिक्षण दिया गया।

राजस्व आय

इस वर्ष प्रशिक्षण, परामर्श, अनुबंध अनुसंधान और सेवाएं, पौध सामग्री और अंगूर विक्रय से ₹ 45.57 लाख राजस्व की प्राप्ति हुई।

Transfer of Technology

Information on various aspects of grape cultivation including post-harvest technology was made available to stakeholders through various means such as training programs, field visit, participating in grape growers/ association's seminars, one-to-one interactions with them at the institutes and also displaying the information on the Institute's website under farmer's corner.

Throughout the year, scientists participated in several seminars organized by various agencies such as grape growers association, state governments, wine boards, private agencies, etc. The grape growers directly interacted with the scientists during field visits and also during their visit to institute.

Human Resource Development

The Director along with one scientist participated in the 35th World Congress of Vine and Wine and the General Assembly of OIV (International Organization of Vine and Wine) held at Izmir in Turkey during 17-23rd June 2012 and presented two technical papers. They also participated in European Pesticide Residue Workshop (EPRW) and FAO/IAEA workshop on food safety from farm to fork from 25th June – 2nd July in Vienna, Austria.

One scientist acquired NAIP sponsored three month international training in the field of Bioinformatics (Horticulture) at Cornell University, Ithaca, USA.

Six scientists, one technical and one administrative staff were trained in different national organizations to acquire the knowledge in their respective field of specialization.

Revenue Generation

Revenue of ₹ 45.57 lakhs was generated through training, consultancy, contract research and services, sale of planting material and farm produce.

परिचय
Introduction

राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र की स्थापना जनवरी 1997 में भारत में अंगूर उत्पादन तथा प्रसंस्करण से सम्बधित मुद्दों पर लक्ष्य आधारित अनुसंधान कार्य के लिए हुई। गत 16 वर्षों में संस्थान ने बुनियादी सुविधाओं के विकास, अनुसंधान तथा तकनीकी प्रसार के क्षेत्र में अद्भुत उन्नति की है। प्रारंभ में महाराष्ट्र राज्य द्राक्ष बागाईतदार संघ, मांजरी के कुछ किराये के कमरों में संस्थान कार्य आरम्भ हुआ परन्तु अब संस्थान के पास प्रयोगशाला एवं प्रशासनिक भवन के अलावा जैवनियंत्रण प्रयोगशाला, राष्ट्रीय संप्रेषण प्रयोगशाला, फार्म कार्यालय, किशमिश शैड, तीन पौली/एफ्आरपी हाउस एवं 35 एकड़ पर फैला प्रयोगात्मक अंगूर क्षेत्र है। संस्थान में मूल एवं सामरिक अनुसंधान के लिए आवश्यक अति आधुनिक बुनियादी सुविधायें और उपकरण जैसे एलसीएमएस/एमएस, जीसीएमएस/एमएस, एमएम-टीओएफ, आईसीपी-एमएम/एमएस, जेनेटिक एनालाइजर, आरटी-पीसीआर मशीन, इरगा, वितान विश्लेषक, वाइन विश्लेषक, एएएस, बहुचैनेल विश्लेषक, प्रोग्रामेबल एलिसा प्लेट रीडर, पादप वृद्धि कक्ष एवं इनक्यूबेटर, उच्च क्षमता की स्टीरियो सूक्ष्मदर्शी, विभिन्न क्षमताओं के अपकेंद्रक उपलब्ध है।

संस्थान स्थित राष्ट्रीय अंगूर जीन बैंक में 464 प्रविष्टियों का जननद्रव्य संग्रह है। उत्कृष्ट सुविधाओं के परिणामस्वरूप देश के अन्य विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त पुणे विश्वविद्यालय, पुणे एवं शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापूर ने परास्नातक शिक्षा के लिए केंद्र को मान्यता दी है तथा केंद्र में प्रत्येक वर्ष अनेक छात्र अपनी 6 महीने की परियोजनाओं पर कार्य करते है।

केंद्र की पौधशाला, जिसे राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड से तीन सितारा दर्जा हासिल है, मूलवृन्त एवं खाने तथा वाइन अंगूर की व्यावसायिक प्रजातियों की शुद्ध और असली पादप सामग्री उपलब्ध कराती है। नियमित क्षेत्रभ्रमण, उत्पादकों की सेमिनारों, अंगूर उत्पादकों के साथ चर्चा, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के द्वारा प्रौद्योगिकी स्थानांतरण के कारण उत्पादकों एवं अंगूर उद्योग के अन्य हितधारकों के बीच संस्थान की दृश्यता तथा विश्वसनीयता बढी है। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपिडा) से वित्तप्रेषित अंगूर निर्यात के लिए कीटनाशक अवशेषों की निगरानी योजना के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन ने संस्थान की महिमा में काफी योगदान किया है।

National Research Centre for Grapes, Pune was established in January 1997 to undertake mission-oriented research to address the issues related to grape production and processing in India. During last sixteen years, the institute has made tremendous progress in terms of infrastructure development, research output and technology dissemination. With a few rented rooms in the office of the MRDBS in Manjri in the beginning, the institute now has a laboratory cum administrative building, separate buildings of biocontrol laboratory, NRL, farm office, raisin shed, three poly/FRP houses and experimental vineyards spread over 35 acre. The institute has now world-class research infrastructure. LC-MS/MS, GC x GC-TOF-MS, ICP-MS, genetic analyzer, real time PCR machine, IRGA, canopy analyzer, wine analyzer, AAS, multichannel autoanalyzer, programmable ELISA plate reader, plant growth chamber and incubators, stereo microscopes of high magnification, different types of centrifuges are available for conducting basic and strategic research.

The institute is the site for National Grape Gene Bank and has almost 464 grape accessions in its field germplasm collection. Such an excellent infrastructure has resulted in recognition of the Centre for postgraduate studies by Pune University, Pune and Shivaji University, Kolhapur besides other universities in the country and every year several students complete their six months project work at this Institute.

A nursery with a three star rating from NHB provides true to type and genuine and disease-free planting material of promising rootstock and commercial table and wine grape varieties. Transfer of technology through regular field visits of scientists of the Institute and their participation in growers' seminars, in house interaction, training programmes and information placed on website has increased the Institute's clear visibility and credibility among the growers and other stakeholders of grape industry. Successful implementation of APEDA funded Pesticide Residue Monitoring Plan for export grape has contributed substantially to the stature of the Institute.

केंद्र में अनुसंधान कार्यक्रम भारतीय अंगूर उद्योग की आवश्यकताओं के आंकलन के बाद बनाये जाते हैं तथा उन्हें समय-समय पर पंचवर्षीय समीक्षा टीम एवं अनुसंधान सलाहकार समिति की सिफारिश तथा अंगूर उद्योग के अन्य हितधारकों के अदानों के आधार पर परिवर्तित किया जाता है।

वर्तमान में आनुवंशिक संसाधन और सुधार, उत्पादन प्रौद्योगिकी, पादप स्वास्थ्य प्रबंधन तथा कटाई उपरान्त प्रौद्योगिकी, अनुसंधान के व्यापक क्षेत्र है। 15 संस्थानीय अनुसंधान के कार्यक्रमों के अलावा, कई बाह्य वित्त प्रेषित परियोजनायें चल रहीं हैं। केंद्र में परामर्श सेवाएं एवं अधिदेश से संबंधित अनुबंध अनुसंधान भी प्रगति पर है।

The research programmes are formulated after assessing the needs of grape industry in India and modified time to time based on the recommendation of Quinquennial Review Team (QRT), Research Advisory Committee (RAC), and inputs from other grape industry stake-holders.

Presently research is conducted under broad areas of Genetic Resources and Improvement, Production Technology, Plant Health Management and Pre and Post harvest technology. Besides 15 institutional research programmes, several externally funded projects are in progress. The Centre also undertakes consulting and mandate related contractual research.

अधिदेश / Mandate

अंगूर उत्पादन, उत्पादकता और उपयोग को प्रभावित करनेवाली जैविक एवं अजैविक बाधाओं के हल के लिए मिशन उन्मुख कार्यक्रम के अंतर्गत मूल एवं सामरिक अनुसंधान.

To undertake mission oriented programme involving basic and strategic research for resolving the major biotic and abiotic constraints affecting the grapes production, productivity and utilization.

अनुसंधान के मुख्य क्षेत्र

- पारिस्थितिकी क्षेत्र विशिष्ट प्रौद्योगिकी विकास और विस्तार
- जल उत्पादकता और पोषक तत्वों की उपयोग दक्षता संवर्धन
- जलवायु परिवर्तन और तनाव का प्रबंधन
- मूल्यवर्धित उत्पाद विकास, खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन
- जैव प्रतिकरण, जैव उर्वरण, जैव अणु, जैव सुदृढ़ीकरण, जैव रक्षा, जैव सुरक्षा, और जैव संवेदक
- प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए आईटी आधारित निर्णय समर्थन प्रणाली

Thrust areas of research

- Eco-region specific technology generation and extension in continuation.
- Enhancement of water productivity and nutrient use efficiency.
- Climate change and management of stresses.
- Value-added product development, food safety and quality assurance.
- Bio-remediation, bio-fertilization,bio-molecules, bio-fortification, bio-safety, bio-security, and biosensors.
- IT-based decision support systems for technology transfer.

संगठनात्मक संरचना / Organizational set-up



वित्तीय विवरण / Financial statement

(₹ लाखों में / ₹ in Lakhs)

क्र.सं. Sl. No.	शीर्ष / Heads	आर.ई./R.E. 2012-13		व्यय / Expenditure 2012-13		अंतिम अनुदान Final Grant		राजस्व आय Revenue Generated
		योजना Plan	गैर योजना Non-Plan	योजना Plan	गैर योजना Non-Plan	योजना Plan	गैर योजना Non-Plan	
1.	स्थापना प्रभार / Estt. Charges	0.00	300.00	0.00	296.37	0.00	268.84	
2.	ओ.टी.ए. / O.T.A.	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	
3.	यात्रा भत्ता / T.A.	8.00	2.70	8.00	2.70	8.00	2.70	
4.	उपकरण / Equipments	93.07	8.00	93.07	7.96	93.07	8.00	
5.	पुस्तकालय / Library	1.78	0.00	1.78	0.00	1.78	0.00	
6.	अन्य प्रभार / Other charges	167.00	90.09	167.00	90.09	167.00	68.00	
7.	निर्माण कार्य / Works	70.00	12.01	70.00	6.01	70.00	6.01	
8.	फर्नीचर / Furniture	0.15	1.00	0.15	1.00	0.15	1.00	
9.	पेंशन / Pension	0.00	0.45	0.00	0.22	0.00	0.45	
	कुल / Total	340.00	414.25	340.00	404.35	340.00	355.00	45.57*

*प्रशिक्षण, परामर्श, अनुबन्ध अनुसंधान और सेवाएँ, पौध सामग्री और कृषि उपज की बिक्री के माध्यम से इस वर्ष ₹ 45.00 लाख के लक्ष्य की तुलना में ₹ 45.57 लाख के राजस्व की प्राप्ति हुई। राजस्व प्राप्ति के अलावा 2012-13 के दौरान ₹ 48.79 लाख सावधि जमा प्राप्तियों पर ब्याज अर्जित किया गया।

*Revenue of ₹ 45.57 Lakhs was generated against the target of 45.00 Lakhs through training, consultancy, contract research and services, sale of planting material and farm produce. Interest on term deposit receipts of 48.79 Lakhs was earned apart from the revenue receipts during 2012-13.

कार्मिक स्थिति / Staff position

क्र.सं. Sl. No.	पद / Post	पदों की संख्या / Number of posts		
		स्वीकृत Sanctioned	भरे Filled	रिक्त Vacant
1.	अनुसंधान और प्रबंधन कार्मिक / Research & Management Personnel	1	1	0
2.	वैज्ञानिक / Scientific	16	16	0
3.	तकनीकी / Technical	8	8	0
4.	प्रशासनिक / Administrative	13	9	4
5.	सहायक / Supportive	7	7	0
	कुल / Total	**45**	**41**	**4**

आनुवंशिक संसाधन और सुधार

अंगूर जनन द्रव्य का संग्रह, चरित्र चित्रण और जैविक एवं अजैविक बाधाओं के प्रति सहनशीलता के लिए आंकलन

संग्रह

इस वर्ष के दौरान अंगूर जननद्रव्य संग्रह में 38 प्रविष्टियाँ सम्मिलित की गयी। तालिका 1 के अनुसार इनमें से 3 मूलवृन्तों पर कलमित वाइन किस्में थी। इसके अलावा 35 पहचान किए गए संकर भी सम्मिलित किए गए।

Genetic Resources and Improvement

Collection, characterization and Evaluation of Grape Germplasm for tolerance to biotic/abiotic stress factors

Collection

During the year 38 accessions were added to the germplasm. Among these 3 were wine varieties and grafted on rootstocks as shown in Table 1. In addition 35 identified hybrids were also added.

तालिका 1. फ्रांस से वाइन किस्मों का आयात
Table 1. Introduction of wine varieties from France

क्र.सं. Sl. No.	किस्म और क्लोन क्र./मूलवृन्तऔर क्लोन क्र. Variety andclone No. / rootstock and clone No.	कलमित पौधों की संख्या/ Grafted plants (Qty)	स्त्रोत एवं दिनांक/ Source and date
1	शेनिन ब्लैंक क्लोन 880 / एसओ4 क्लोन 5 Chenin Blanc cl. 880 / SO4 cl.5	25	एंटाव-इनरा, मरमनदे, फ्रांस Entav-INR, Marmande, France
2	पीनो नोयर क्लोन 389 / 41बीएमजीटी क्लोन 194 Pinot Noir cl. 389 / 41BMGT cl.194	25	
3	शार्डोनी क्लोन 76 / 1103पी क्लोन 768 Chardonnay cl. 76 / 1103P cl.768	25	

अजैविक/जैविक तनाव के प्रति सहनशीलता के लिए अंगूर जननद्रव्य का अनुवीक्षण

जर्मप्लाज्म ब्लॉक में फलन मौसम के दौरान 232 प्रविष्टियों की लताओं में पर्ण कुंचन, मणि दाग और पाउडरी मिल्ड्यू संक्रमण की उपस्थिति के लिए जांच की गई। 30 से अधिक गुच्छों के साथ वाली लताएं स्क्रीनिंग के लिए चुनी गईं। पर्ण कुंचन के बारे में, 13 प्रविष्टियां लक्षण से मुक्त, 30 कम प्रभावित और 21 मध्यम (तालिका 2) प्रभावित पाई गई।

जर्मप्लाज्म ब्लॉक में अनेक प्रविष्टियां में विरेजन के बाद मणि दाग और दरार के लक्षण पाए जाते हैं, इसीलिए इस विकार सहिष्णुता के लिए स्क्रीनिंग की गयी। नौ प्रविष्टियां अप्रभावित, 26

Screening of germplasm for biotic/abiotic stress tolerance

The vines of 232 accessions in germplasm block were screened for occurrence of leaf curl, berry scarring and powdery mildew infections during the fruiting season. Vines with more than 30 bunches were selected for screening. Regarding leaf curl, 13 accessions were found free from symptom, 30 were slightly affected and 21 were moderately affected (Table 2).

At post veraison, many of the accessions show excessive berry scarring and cracking, hence screening of accessions for tolerance to such disorder was undertaken. Nine accessions showed no incidence of

प्रविष्टियां निम्न प्रभावित और 21 प्रविष्टियाँ मध्यम प्रभावित थीं (तालिका 3)।

अनेक प्रविष्टियों में विरेजन के समय पाउडरी मिल्ड्यू संक्रमण देखा गया। मात्र एक प्रविष्ठी क्योहौ लक्षण हीन, 33 निम्न प्रभावित और 26 प्रविष्टियां मध्यम प्रभावित पाई गई।

berry scarring, 26 accessions were slightly affected and 21 were moderately affected (Table 3).

Powdery mildew infection was noticed in many accessions at veraison. Only one accession cv. Kyohou found unaffected, while 33 accessions were slightly affected and 26 were moderately affected.

तालिका 2. अंगूर जननद्रव्य संग्रह से 232 प्रविष्टियों का पर्ण कुंचन व्यापकता के प्रति सहनशीलता के लिए क्षेत्र अनुवीक्षण
Table 2. Field screening of 232 germplasm accessions for tolerance to leaf curl incidence

संक्रमण का स्तर Level of infection	प्रति लता 30 से अधिक गुच्छे वाली प्रविष्टियाँ Accessions with >30 bunches/vine
मध्यम प्रभावित (5-10% स्तर का संक्रमण) (21) Moderately affected (5-10% level of infection) (21)	रौसन्ने, अंगूर कलान, लार्ज व्हाइट, शेनिन ब्लैंक, बेंगलोर पर्पल, अर्का हंस, अंबर स्वीट, बी2-9-3, व्हिक्टरी, भोकरी, ई12-3, पेटिट सीरह, केरोलिनाब्लैकरोज़, लेक एमराल्ड, एफ-26-8, मोतिया, गोल्ड, आलमविक, एसवी-12309, फटेयसका अल्बा Rousanne, Angoor Kalan, Large White, Chenin Blanc, Bangalore Purple, Arka Hans, Amber Sweet, B2-9-3, Victory, Bhokri, E12-3, Petite Sirah, Carolina Black Rose, Lake Emerald, F-26-8, Motia, Gold, Alamwick, SV- 12309, Fateasca Alba,
थोडा प्रभावित (1-5% स्तर का संक्रमण) (30) Slightly affected (1-5%, level of infection) (30)	ई6/2, कॅबरनेट फ्रँक क्लोन 327, पीएस-II-2-28, पीएस-III-11-4, एचवाय-17-54-4-17, फ्रूम्बर गुंडर, ई26-5, ई5-4, एचवाई-23-14-23, क्वीन ऑफ वाइनयार्ड्स, बी2-5-3, बी2-8-3, पर्ल ऑफ कसाबा, बी2-13-3, अर्ली पर्लेट, लूझ पर्लेट, गुलाबी (आईआईएचआर), ई8-5, फकरी, एसवी-18402, ईसी27830, रिबेयर, ईसी27820एम, गुलाबी (थेनी), मिंट, बेंजुहीओ, वीपी × टीएस-1, वीपी × टीएस-2, पीएन × आरजी, मस्कट ऑफ अलेक्झांड्रिया E6/2, Cabernet Franc cl.327, PS-II-2-28, PS-III-11-4, Hy-17-54-4-17, Frumber Gunder, E26-5, E5-4, Hy-23-14-23, Queen of Vineyards, B2-5-3, B2-8-3, Pearl Of Csaba, B2-13-3, Early Perlette, Loose Perlette, Gulabi (IIHR), E8-5, Fakri, SV-18402, EC27830, Ribier, EC27820m, Gulabi (Theni), Mint, Benzuhio, Vp x TS-1, VP x TS-2, PNxRG, Muscat of Alexandria
अप्रभावित (1% स्तर का संक्रमण) (13) Unaffected (1% level of infection) (13)	तास(आर), रोझ किओटेट, बी2-10-2, सिंफनी, अर्की-ए2, ब्लैक मस्कट, बी2-15-3, मलाघा, गोएथे, खट्टा अंगूर, बी21-1 (लॅब्रूस्का), ई2-7, एच-87 Tas (R), Rose Ciotet, B2-10-2, Symphony, Arki -2, Black Muscat, B2-15-3, Malagha, Goethe, Katha Angoora, B21-1(labrusca), E2-7, H-87,

नई सफेद खाने योग्य अंगूर किस्मों का प्रदर्शन

चार नई खाने योग्य अंगूर की किस्मों जैसे केआर व्हाइट, ऑटम सीडलैस, मार्की और मांजरी नवीन की उपज और फल गुणों के लिए थॉमसन सीडलैस के 2ए क्लोन के साथ तुलना की गई।

Performance of new white table grape varieties

Four new table grape varieties such as KR White, Autumn Seedless, Marquis and Manjri Naveen were compared with 2A clone of Thompson Seedless for yield and fruit qualities (Table 4). Yield was maximum

तालिका 3. अंगूर जननद्रव्य संग्रह से 232 प्रविष्टियों का मणि दाग व्यापकता के प्रति सहनशीलता के लिए क्षेत्र अनुवीक्षण
Table 3. Field screening of 232 germplasm accessions for tolerance to berry scarring incidence

संक्रमण का स्तर Level of infection	प्रति लता 30 से अधिक गुच्छे वाली प्रविष्टियाँ Accessions with >30 bunches/vine
मध्यम प्रभावित (5-10%) (21) Moderately affected (5-10%) (21)	ई26/5, बी2-6-1, बी2-8-3, ब्लैक मस्कट, करोलीना ब्लैक रोझ, लेक एमरल्ड, एफ-26-8, मलाघा, गोल्ड, अर्ली पर्लेट, लूझ पर्लेट, आलमविक, एसवी-12309, इसी 27830, रिबेयर, इसी 27820, मिंट, फटेयसका अल्बा, वीपी × टीएस-2, पियर्स, पीएन × आरजी, E26-5, B2-6-1, B2-8-3, Black Muscat, Carolina Black Rose, Lake Emerald, F-26-8, Malagha, Gold, Early Perlette, Loose perlette, Alamwick, SV-12309, EC 27830, Ribier, EC 27820, Mint, Fateasca Alba, VP x TS-2, Pierce, PN x RG
थोडा प्रभावित (1-5) (26) Slightly affected (1-5%) (26)	ई6/2, पीएस-III-11-4, एचवाय-17-54-4-17, फ्रूम्बर गुंडर, ई5-4, एचवाय-23-14-23, क्वीन ऑफ वाइनयार्ड, रौसन्ने, बी2-5-3, लार्ज व्हाइट, पर्ल ऑफ कसाबा, भोकरी, अर्की-ए2-बी2-13-3, पेटिट सीरह, लॅब्रूस्का (एफवी), गुलाबी (आईआईएचआर), ई8-5, ई2-7, एच-87, फकरी, एसवी-18402, गुलाबी (थेनी), बेंजुहीओ, वीपी × टीएस-1, मस्कट ऑफ अलेक्झांड्रिया E6/2, PS-III-11-4, Hy-17-54-4-17, Frumber Gunder, E5-4, Hy-23-14-23, Queen of Vineyards, Rousanne, B2-5-3, Large White, Pearl of Csaba, Bhokri, Arki -2, B2-13-3, Petite Sirah, Labrusca (FV), Gulabi (IIHR), E8-5, E2-7, H-87, Fakri, SV-18402, Gulabi (Theni), Benzuhio, Vp x TS-1, Muscat of Alexandria
अप्रभावित (<1%) (9) Unaffected (<1%) (9)	तास(आर), कॅबरनेट फ्रँक क्लोन 327, पीएस-II-2-28, रोझ किओटेट, बी2-10-2, सिंफनी, बी2-15-3, गोएथे, खट्टा अंगूर Tas (R), Cabernet Franc cl.327, PS-II-2-28, Rose Ciotet, B2-10-2, Symphony, B2-15-3, Goethe, Katha Angoora

(तालिका 4)। मांजरी नवीन में अधिकतम (13.6 किग्रा/लता), तत्पश्चात केआर व्हाइट (11.26 किग्रा/लता) तथा मार्की में सबसे कम उपज (6.32 किग्रा/लता) थी। गुच्छों/लता की अधिकतम संख्या केआर व्हाइट (39.5) तथा न्यूनतम (20.20) ऑटम सीडलैस में थी। ऑटम सीडलैस में अधिकतम गुच्छा वजन (455 ग्रा) और तत्पश्चात मांजरी नवीन (425 ग्रा) में था। मणि वजन मांजरी नवीन में अधिकतम (4.89 ग्रा/मणि) और तत्पश्चात ऑटम सीडलैस और मार्की में था। कुल घुलनशील ठोस पदार्थ (टीएसएस) के आर व्हाइट में अधिकतम (23.9 °ब्रि) था। मांजरी नवीन में 19.6 °ब्रि और न्यूनतम अम्लीयता थी जबकि ऑटम सीडलैस में अधिकतम अम्लीयता (7.9 ग्रा/ली) दर्ज की गई।

in Manjri Naveen (13.6 kg/vine) followed by KRWhite (11.26 kg/vine) whereas Marquis recorded lowest yield (6.32 kg/vine). KR White had maximum number of bunches/vine (39.5), whereas Autumn Seedless recorded minimum number of bunches/vine (20.20), however it had the maximum bunch weight (455 g) followed by Manjri Naveen (425 g). Manjri Naveen recorded maximum berry weight (4.89 g/berry) followed by Autumn Seedless and Marquis. KR White recorded maximum TSS (23.9 °B) followed by 2A clone (22.6 °B). Manjri Naveen with 19.6 °B, also recorded the lowest acidity (5.6 g/L), whereas Autumn Seedless recorded the maximum acidity (7.9 g/L).

रंगीन खाने योग्य अंगूर किस्मों का प्रदर्शन

रंगीन सीडलैस किस्मों में से, ए18-3 में अधिकतम (12.68 किग्रा/लता) तथा क्रिमसन सीडलैस में न्यूनतम 7.42 किग्रा/लता उपज दर्ज की गई (तालिका 4)। गुच्छा और मणि आकार, ऑटम रॉयल में अधिकतम थे। फेंटासी सीडलैस, ए18-3 और ब्लश सीडलैस मे भी बड़ा मणि आकार देखा गया। टीएसएस शरद सीडलैस (23.6 °ब्रि) में अधिकतम और उसके बाद ऑटम रॉयल (23.4 °ब्रि) में था। सर्वाधिक अम्लता (8.2 ग्रा/ली) ब्लश सीडलैस और फिर क्रिमसन सीडलैस में थी।

बीजित खाने योग्य अंगूर किस्मों का प्रदर्शन

पाँच बीजित खाने योग्य अंगूर क़िस्मों में से, रेड गाला में अधिकतम (16.5 किग्रा/लता) तत्पश्चात रेड ग्लोब (14.99 किग्रा/लता) में उपज पायी गयी (तालिका 5)। गुच्छा वजन भी रेड गाला (550 ग्रा) और रेड ग्लोब (460 ग्रा) में अधिक था। मणि वजन रेड ग्लोब मे अधिकतम (7.9 ग्रा/मणि) और तत्पश्चात रेड गाला (7.7 ग्रा/मणि) में पाया गया। दिलखुश और अनाब-ए-शाही में अधिकतम जूस था। टीएसएस की अधिकतम मात्रा इटालिया (22.6 °ब्रि) में थी। अनाब-ए-शाही में अधिकतम (7.2 ग्रा/ली) और इटालिया में न्यूनतम (5.85 ग्रा/ली) अम्लता थी।

संकरण के माध्यम से नई अंगूर किस्मों का विकास

बीजरहित जातिमय संकरों का आंकलन

चार बीजरहित संकरों का आंकलन किया गया। रेंगस्पे × थॉमसन सीडलैस के दो संकरों में से, एएच4-12 में अधिक फलदार और विरल गुच्छे जब कि एएच4-15 में मध्यम उपज और मामूली सघन गुच्छे थे (तालिका 6)। एएच4-15 में अधिक टीएसएस था और यह किशमिश बनाने के लिए उपयुक्त हो सकती है।

स्पिन साहेबी × ब्लॅक मोनुक्का का संकर एएच2-8 और स्पिन साहेबी × किशमिश चर्नी का संकर एएच2-20 का भी उपज और मणि गुणों के लिए आंकलन किया गया। एएच2-20, एएच2-8 से 10 दिन पहले पका। दोनों खाने के लिए उपयुक्त हैं। एएच2-8 में माध्यम आकार और द्विबेलनाकार गुच्छे और एएच2-20 में साधारण बेलनाकार गुच्छे होते हैं।

Performance of colored seedless varieties

Among colored seedless varieties (Table 4), A18-3 recorded maximum fruit yield (12.68 kg/vine) whereas Crimson Seedless recorded the lowest (7.42 kg/vine). Bunch size and berry size were maximum in Autumn Royal. Bold berry size was also noticed in Fantasy Seedless, A18-3 and Blush Seedless. TSS was highest in Sharad Seedless (23.6 °B) followed by Autumn Royal (23.4 °B). Blush Seedless was highest in acidity (8.2 g/L) and followed by Crimson Seedless (7.0 g/L).

Performance of seeded table grape cultivars

Among 5 seeded grape cultivars (Table 5) Red Gala recorded maximum yield (16.5 kg /vine) followed by Red Globe (14.99 kg/vine). Bunch weight was maximum in Red Gala (550 g) followed by Red Globe (460 g). Berry weight was maximum in Red Globe (7.9 g/berry) and followed by Red Gala (7.7 g/berry). Dilkush and Anab-E-Shahi had more juice content than other cultivars. Italia recorded maximum TSS (22.6 °B). Anab-E-Shahi recorded maximum acidity (7.2 g/L) and the least acidity was recorded in Italia (5.8 g/L).

Development of new grape varieties through hybridization

Assessment of seedless intraspecific hybrids

4 seedless hybrids were assessed. Among the 2 hybrids of Rangspey x Thompson Seedless, AH4-12 was more prolific bearer with loose bunches, whereas AH4-15 was a moderate yielder with slight compact bunches (Table 6). AH4-15 recorded higher TSS and may be suitable for raisin making.

Two black seedless hybrids of Spin Sahebi (SS) x Black Monukka (AH2-8) and SS x Kishmish Chernyi (AH2-20) were also assessed for their yield and berry qualities. AH2-20 matured earlier to AH2-8 by 10 days. Both are suitable for table purposes. AH2-8 has medium sized double cylindrical clusters and AH2-20 has simple cylindrical clusters.

तालिका 4. डॉगरिज पर कलमित सफेद और रंगीन बीजरहित खाने योग्य अंगूर किस्मों का प्रदर्शन
Table 4. Performance of white and colour seedless table grape varieties on Dogridge

किस्म Cultivar	कटाई समय (डीएपी) Time for Harvest (DAP)	उपज/लता (किग्रा) Yield/ vine (kg)	गुच्छे/लता Bunches/ vine	गुच्छा वजन (ग्रा) Bunch wt. (g)	10 मणि वजन (ग्रा) 10 berry wt (g)	जूस Juice (%)	टीएसएस (°ब्रि) TSS (°B)	अम्लता (ग्रा/ली) Acidity (g/L)	पीएच pH
सफेद बीजरहित / White seedless									
2ए क्लोन / 2A Clone	140	9.34	34.60	270.0	25.70	66.1	22.6	6.90	3.64
केआर व्हाइट / KR White	140	11.26	39.50	285.0	26.89	55.8	23.9	6.80	3.71
ऑटम सीडलैस / Autumn Seedless	139	9.19	20.20	455.0	34.60	60.1	19.4	7.90	3.50
मार्की / Marquis	139	6.32	32.30	195.6	33.80	62.1	20.6	6.80	3.61
मांजरी नवीन / Manjri Naveen	126	13.60	32.00	425.0	48.90	59.3	19.6	5.60	3.80
सीडी (पी=0.05) / CD (p = 0.05)	-	2.55	5.80	17.10	7.60	3.6	2.2	0.53	NS
रंगीन बीजरहित / Colour seedless									
ऑटम रॉयल / Autumn Royal (B)	139	11.83	26.00	455.0	54.33	49.7	23.4	6.30	3.76
ब्लश सीडलैस / Blush Seedless (R)	139	9.31	24.50	380.0	32.39	58.7	19.6	8.20	3.45
शरद सीडलैस / Sharad Seedless (B)	130	9.23	31.30	295.0	29.25	50.6	23.6	6.90	3.76
क्रिमसन सीडलैस / Crimson Seedlss (R)	146	7.42	28.00	265.0	28.75	51.5	22.8	7.00	3.72
फेंटासी सीडलैस / Fantasy Seedless (B)	140	9.29	34.40	270.0	36.50	53.4	21.4	6.20	3.68
ए18-3 / A18-3 (P)	142	12.68	43.00	295.0	34.00	55.9	22.6	6.40	3.70
सीडी (पी=0.05) / CD (p = 0.05)	-	2.32	5.80	17.10	7.60	(3.6)	2.2	0.53	NS

*B-black, R-red, P-purple



तालिका 5. डॉगरिज पर कलमित बीजित खाने योग्य अंगूर किस्मों का प्रदर्शन
Table 5. Performance of seeded table grape cultivars on Dogridge

किस्म Cultivar	कटाई समय (डीएपी) Time for harvest (DAP)	उपज/लता (किग्रा) Yield/vine (kg)	गुच्छे/लता Bunches/ vine	गुच्छा वजन (ग्रा) Bunch wt. (g)	10 मणि वजन (ग्रा) 10 berry wt (g)	जूस Juice (%)	टीएसएस (°ब्रि) TSS (°B)	अम्लता (ग्रा/ली) Acidity (g/L)	पीएच pH
रेड ग्लोब Red Globe	144	14.99	32.60	460.0	79.0	46.8	19.4	6.30	3.76
रेड गाला Red Gala	132	16.50	30.00	550.0	77.0	44.1	19.6	6.50	3.72
इटालिया Italia	149	9.92	31.00	320.0	52.0	55.7	22.6	5.80	3.82
दिलखुश Dilkush	130	11.87	28.00	424.0	53.8	63.2	21.6	6.80	3.69
अनाब-ए-शाही Anab-E-Shahi	147	10.21	24.60	415.0	55.0	65.4	19.6	7.20	3.80
सीडी (पी=0.05) CD (p = 0.05)	–	2.55	6.70	26.40	9.80	5.7	2.3	0.50	NS

भ्रूण बचाव तकनीक द्वारा विकसित अंतरजातीय संकरों का आंकलन

भ्रूण बचाव तकनीक द्वारा विकसित अंतरजातीय संकरों का लगातार दूसरे वर्ष आंकलन किया गया (तालिका 7)। अधिकतर संकरों मे शीघ्र परिपक्वन, रसदार, उच्च कुल घुलनशील ठोस पदार्थ, निम्न अम्लता, मस्कट सुगंध और कुरकुरे गुदा था।

वाईन अंगूर क़िस्मों का आंकलन

सात वाइन अंगूर संकरों की उपज और मस्ट गुणों का शार्डोनी की तुलना में आंकलन किया। दो संकर एएच3-25 और एएच3-26 शीघ्र परिपक्वन प्रकार थे। शार्डोनी के पूसा नवरंग और अर्कावती के साथ सभी संकरों में बेहतर उपज और वाइन बनाने के लिए वांछनीय उच्च कुल घुलनशील ठोसपदार्थ और अम्लता स्तर पाया

Assessment of interspecific hybrids developed through embryo rescue

Interspecific hybrids developed through embryo rescue are assessed for the second year in succession (Table 7). Most of these hybrids are early maturing types, juicy with high TSS and less acidic, muscat flavor and crisp pulp.

Assessment of wine grape hybrids

Seven wine grape hybrids were assessed for yield as well as for must analysis and compared with Chardonnay. Two hybrids AH3-25 (teinturier) and AH3-26 were of early maturing types. All the hybrids of Chardonnay with Pusa Navrang and Arkavati were shown to be better yielders with good accumulation of TSS and acidity levels desirable for wine making

तालिका 6. मानक किस्मों के साथ कुछ आशा जनक बीज रहित खाने योग्य अंगूर संकरों की तुलना
Table 6. Comparison of some promising seedless table grape hybrids with the standard cultivars

संकर / जीनोटाइप Hybrid /Genotype	कटाई समय (डीएपी) Time for harvest (DAP)	उपज/लता (किग्रा) Yield/vine (kg)	गुच्छे/लता Bunches/ vine	गुच्छा वजन (ग्रा) Bunch wt. (g)	10 मणि वजन (ग्रा) 10 berry wt (g)	जूस Juice (%)	टीएसएस (°ब्रि) TSS (°B)
रेंगस्पे × थॉमसन सीडलैस (एएच4-12) Rangspey x TS (AH4-12) (W)	149	13.44	64.5	210	22.08	61.6	21.00
रेंगस्पे × थॉमसन सीडलैस (एएच4-15) Rangspey x TS (AH4-15) (W)	149	7.14	38.4	188	25.70	51.3	25.80
थॉमसन सीडलैस Thompson Seedless (TS)	145	9.72	36.7	270	23.00	64.8	21.60
स्पिन साहेबी × ब्लैक मुनक्का (एएच2-8) Spin Sahebi x BM (AH2-8) (B)	144	7.22	38.5	190	26.00	60.0	19.80
स्पिन साहेबी × किशमिश चर्नी (एएच2-20) Spin Sahebi x KC (AH2-20) (B)	134	8.82	42.4	210	25.20	68.2	22.40
शरद सीडलैस Sharad Seedless (B)	130	9.23	31.3	295	29.25	57.4	23.60
सीडी (पी=0.05) CD (p = 0.05)	–	2.40	3.6	16.4	2.26	5.9	2.60

BM = Black Monukka, KC = Kishmish Chernyi

गया। एएच4-1-5 और बी48-3 उच्च उपज देने वाले है और एक वाइनरी के सहयोग से व्यावसायिक स्तर पर वाइन बनाने के लिए चुने गए है।

बीजरहित अंगूर किस्मों में डाउनी मिल्ड्यू प्रतिरोधन के लिए मार्कर सहायतायुक्त चयन तकनीक विकास के लिए प्रजनन

यह परियोजना थॉमसन सीडलैस में डाउनी मिल्ड्यू प्रतिरोधकता समाहित करने के उद्देश्य से शुरू की गयी। एसवी 23501 के अलावा चार प्रतिरोधी (करोलीना ब्लैक रोझ, एसवी-12309, एसवी 18402 और सीबेल) जनक को शामिल कर संकरण कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाया गया। संकरण का विवरण तालिका

process. AH4-1-5 and B48-3 were of high yielding types and have been selected for commercial wine making in collaboration with a winery.

Breeding for development of marker assisted selection technique for downy mildew resistance in seedless grape varieties

The project was initiated with the objective to introgress the downy mildew resistance in the Thompson Seedless. Crossing programme was enhanced by incorporating four resistant parents in addition to the SV-23501. These resistance parents were Carolina Black Rose, SV-12309, SV-18402 and Seibel

तालिका 7. भ्रूण बचाव तकनीकद्वारा विकसित कुछ आशाजनक अर्न्तप्रजातीय संकरों का प्रदर्शन
Table 7. Performance of some promising interspecific grape hybrids developed through embryo rescue

संकर (पितृत्व) Hybrid (Parentage)	कटाई समय (डीएपी) Time for harvest (DAP)	उपज/लता (किग्रा) Yield/vine (kg)	गुच्छे/लता Bunches/ vine	गुच्छा वजन (ग्रा) Bunch wt. (g)	10 मणि वजन (ग्रा) 10 berry wt. (g)	जूस Juice (%)	टीएसएस (°ब्रि) TSS (°B)	अम्लता (ग्रा/ली) Acidity (g/L)
ई10-55 (फ्लेम सीडलैस ओपी) E10-55 (Flame Seedless op)	110	8.48	32.3	265.0	21.30	56.34	22.80	0.64
ई9-22 (फ्लेम सीडलैस × कटाबा) E9-22 (FS x Catawba)	110	3.42	36.4	95.0	15.05	59.80	19.60	0.70
ई9-44 (फ्लेम सीडलैस × लेक एमराल्ड) E9-44 (FS x Lake Emerald)	110	3.29	14.5	235.0	26.40	60.60	19.80	0.62
ई9-25 (फ्लेम सीडलैस × कटाबा) E9-25 (FS x Catawba)	110	2.24	28.4	80.0	10.20	58.82	19.80	0.60
ई 9-41 (फ्लेम सीडलैस × कॉन्कर्ड) E9-41 (FS x Concord)	110	4.76	34.6	140.0	17.00	52.94	25.40	0.46
ई9-53 (फ्लेम सीडलैस × कटाबा) E9-53 (FS x Catawba)	110	3.72	24.3	155.0	14.00	57.14	24.00	0.48
ई9-52 (फ्लेम सीडलैस × कॉन्कर्ड) E9-52 (FS x Concord) (seedless)	110	2.08	16.4	130.0	9.00	66.67	19.00	0.60
ई10-53 (फ्लेम सीडलैस × कॉन्कर्ड) E10-53 (FS x Concord)	110	2.88	18.4	160.0	11,00	63.63	24.00	0.52
ई9-18 (फ्लेम सीडलैस × कटाबा) E9-18 (FS x Catawba)	110	3.12	26.2	120.0	17.00	47.05	20.40	0.50
फ्लेम सीडलैस Flame Seedless (FS)	112	7.84	28.3	280.0	22.26	58.40	21.60	0.67
ई6-1 (थॉमसन सीडलैस × कॉन्कर्ड) E6-1 (TS x Concord)	115	3.20	24.0	134.0	24.40	62.30	22.20	0.57
थॉमसन सीडलैस Thompson Seedless (TS)	145	9.72	36.7	270.0	23.00	64.8	21.60	0.68
सीडी (पी=0.05) CD (p = 0.05)	-	2.10	5.1	16.3	2.68	6.5	2.20	0.21

8 में दिया गया है। अंकुरित पौधे स्थापना के लिए प्रक्षेत्र में स्थानांतरित किए गए। स्थापित संकर पौधों में डाउनी मिल्ड्यू प्रतिरोधिकता/संवेदनशीलता के लिए *इन वीट्रो* स्क्रीनिंग और जीनोटाइपिंग के लिए माइक्रोसॅटेलाईट मार्कर प्रयोग किए जाएंगे।

भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरु से प्राप्त संकरों की संकरता की पुष्टि दस माइक्रोसॅटेलाईट मार्कर द्वारा की गयी। इन संकरों को मूल्यांकन के लिए क्षेत्र में स्थापित किया जा चुका है।

(Table 8). Seedlings were raised and transferred to the field for establishment. Established progeny will be further screened for downy mildew resistance through *in vitro* screening and using microsatellite markers.

Confirmation of hybridity of the available hybrids (procured from IIHR, Bengaluru) was done using 10 microsatellite markers. These hybrids are now established in the field for further evaluation.

तालिका 8. संकरण कार्यक्रम का परिणाम
Table 8. Results of crossing programme

क्र. सं. Sl. No.	संकरण Cross	संकरित गुच्छों की संख्या No. of bunches crossed	बीजों की संख्या No. of seeds obtained	अंकुरित बीजों की संख्या No. of seed germinated
1	करोलीना ब्लैक रोझ × थॉमसन सीडलैस Carolina Black Rose x Thompson Seedless	32	1140	497 (44%)
2	एसवी-23501 × थॉमसन सीडलैस SV-23501 x Thompson Seedless	17	150	115 (77%)
3	एसवी-12309 × थॉमसन सीडलैस SV-12309 x Thompson Seedless	19	100	17 (17%)
4	एसवी-18402 × थॉमसन सीडलैस SV-18402 x Thompson Seedless	20	680	485 (71%)
5	सीबेल × थॉमसन सीडलैस Seibel x Thompson Seedless	30	950	370 (39%)
	कुल / Total	118	3020	1484 (49.13%)



चित्र 1. करोलीना ब्लैक रोझ × थॉमसन सीडलैस की संकर पौध
Fig. 1. Seedlings from cross of Carolina Black Rose x Thompson Seedless

अंगूर मे क्लोनल चयन

इस वर्ष बारामती, अक्कलकोट, तुलजापुर और जयसिंगपुर से पाँच उत्परिवर्ती की पहचान की गयी। इन संकरों के मणी और गुच्छा गुणों की तुलना पितृक बेल गुणों से की गयी। निष्पादन स्थिरता के निरीक्षण के लिए फल छंटाई के बाद भी इन उत्परिवर्तियों का अवलोकन किया गया। अधिकतम उत्परिवर्ती में पितृक बेल के मुक़ाबले मणी आकार अधिक था (चित्र 2 और तालिका 9)।

Clonal selection in grapes

Total five mutant vines were identified from Boramani, Akkalkot, Tuljapur and Jaisinghpur. Berry and bunch characters were observed and compared to mother vine. Observations were also recorded for earlier identified mutants to observe the stability. Most of the mutants identified were having bold berries compared to the mother vine (Fig. 2 and Table 9).



चित्र 2. विभिन्न अंगूर उत्पादन क्षेत्रों में पहचान किए उत्परिवर्तियों के मणि और गुच्छा गुण

Fig. 2. Berries and bunch characteristics of mutants identified from different grape growing regions

तालिका 9. पहचान किए गए उत्परिवर्तीयों का मणि और गुच्छा विशेषताओं पर आधारित प्रदर्शन
Table 9. Performance of mutants based on berries and bunch characteristics

	पहचान की जगह Place of identification	बोरामणी Boramani		अक्कलकोट Akkalkot		तुलजापुर Tuljapur		जयसिंगपुर Jaysinghpur			
क्र. सं. Sl. No.	मानक Parameters	सामान्य Normal	उत्परिवर्ती Mutant	सामान्य Normal	उत्परिवर्ती Mutant	सामान्य Normal	उत्परिवर्ती Mutant	सामान्य Normal	उत्परिवर्ती1 Mutant1	सामान्य Normal	उत्परिवर्ती2 Mutant2
1	गुच्छा वजन (ग्रा) Bunch weight (g)	516.1	539.3	256.08	446.5	248.3	457.2	237.58	425.36	274.52	364.85
2	10 मणि वजन (ग्रा) 10 berry weight (g)	77.24	103.21	24.08	35.89	40.25	35.24	17.82	22.56	18.67	22.23
3	मणि व्यास (मिमी) Berry dia. (mm)	20.77	21.82	12.36	13.24	12.76	12.21	12.52	14.07	12.00	13.85
4	मणि लंबाई (मिमी) Berry length (mm)	27.83	29.47	19.67	24.07	34.88	24.69	14.55	16.67	14.30	16.33
5	पर्णवृन्त मोटाई (मिमी) Pedicle thickness	2.98	3.04	2.60	2.87	2.73	2.29	2.03	2.42	1.85	2.20
6	टीएसएस (°ब्रि) TSS (°B)	22.70	22.60	24.54	21.90	19.00	19.40	25.52	23.85	20.86	22.70
7	अम्लता (%) Acidity (%)	4.72	5.11	4.25	3.56	5.42	5.67	4.97	5.11	4.60	4.36

अंगूर में अजैव तनाव (लवणता) के प्रति क्रियाशील प्रतिलेखकारक और उनके सिस-नियंत्रक तत्वों की *इन सिलिको* पहचान

अंगूर के ईएसटी डेटाबेस के *इन सिलिको* विश्लेषण के आधार पर 243 कंटिग का चयन किया गया। जीन भविष्यवाणी सॉफ्टवेयर द्वारा चयनित कंटिग में 165 जीन पायी गई। 165 जीन में संभावित प्रोटीन, अनुरूपता के आधार पर उनका कार्य और संरक्षित भाग की पहचान के लिए विश्लेषण किया गया । 110 जीन में डीएनए आकर्षण और एंझाइम कार्यों से संबन्धित संरक्षित डोमेन पाये गए। कोडिंग भाग के आकार, संरक्षित डोमेन एवं लवण तनाव में भूमिका के आधार पर पाँच जीन का चुनाव किया गया। लवण

In silico identification of abiotic stress (salinity) responsive transcription factors and their cis-regulatory elements in grape (in collaboration with IASRI, New Delhi)

Based on the *in silico* analysis of EST databases for grape, 243 contigs were selected. Gene prediction tools were used and 165 genes were predicted in selected contigs. 165 genes were further analysed to find probable protein, their function based on homology search and also presence of conserved regions. 110 genes were found to contain conserved domains like DNA binding, different enzymatic functions etc. Based on the size of coding region, conserved domain and their role in salinity stress, five genes were selected. The

तनाव ग्रसित अंगूर लताओं में इन जीनों की अभिव्यक्ति का अध्ययन किया जाएगा। इसके साथ, पाँच जीनोटाइप में इन जीन के अनुक्रमण का विश्लेषण किया जा रहा है। इन पांच जीनोटाइप से डीएनए निष्कर्षण किया गया। अनुक्रमण के लिए प्राइमर बनाए गए और पाँच जीनोटाइप में पीसीआर प्रवर्धन किया गया। पीसीआर उत्पादों का अनुक्रमण किया गया।

अंगूर लता में लवणता तनाव प्रतिक्रिया का क्रियात्मक विश्लेषण

जैव प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली से वित्तीय सहायता प्राप्त यह परियोजना जनवरी 2013 में आरंभ हुई । इस परियोजना के उद्देश्य निम्न प्रकार है। (1) अंगूर लता में लवणता तनाव प्रतिक्रिया की प्रतिलेखन और प्रोटिऑम स्तर पर आण्विक प्रतिक्रिया समझना (2) अंगूर में लवणता सहिष्णुता की कार्यिकी प्रक्रिया और विभिन्न कोशिकीय प्रतिक्रियाओं की पारस्परिक क्रिया समझना (3) मूलवृंत में लवणता सहिष्णुता प्रक्रिया और तनाव स्थिति मे कलमित किस्म में जीन अभिव्यक्ति पर इसके प्रभाव का अध्ययन (4) अंगूर में आशाजनक लवणता सहिष्णुता जीन की पहचान (5) अंगूर में लवणता सहिष्णुता के लिए कार्यात्मक मार्कर का विकास। परियोजना में आरएनए अनुक्रमण आधारित ट्रांसक्रिप्टोम और प्रोटिऑम विश्लेषण का प्रयोग होगा। प्रयोग बेलों का प्रवर्धन किया गया। विभिन्न प्रोटोकॉल का मानकीकरण प्रगति पर है।

उत्पादन प्रौद्योगिकी

कॅबरनेट सॉविग्रॉन की वृद्धि, उपज, फल संरचना और वाइन की गुणवत्ता के लिये भारत के पुणे क्षेत्र में मूलवृन्तों का मूल्यांकन

सात विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित कॅबरनेट सॉविग्रॉन की लताओं को वृद्धि, उपज, फल संरचना और द्राक्षरस के लिये मूल्यांकन किया गया।

कायिक मापदंड: दोनों आधारीय और फल छंटाई के दौरान कॅबरनेट सॉविग्रॉन के छंटाई वजन में महत्वपूर्ण भिन्नता पाई गई तथा 110आर में अधिकतम थी जिसका अनुसरण एसओ4 ने

expression of these genes will be analysed in salinity stresses grapevines. Simultaneously sequence of these genes is being analysed in five different genotypes. DNA was extracted from five genotypes. Sequencing primers were designed for five genes and used for the amplification of DNA from five genotypes. PCR products were sequenced.

Functional analysis of salinity stress response in grapevine

This project was initiated in January 2013 with financial assistance from Department of Biotechnology, New Delhi. The objectives of the project are (i) to understand the molecular response of grapevine to salinity stress at transcript and proteome levels, (ii) to understand the physiological mechanism of salt tolerance in grapes and interaction among different cellular responses to salinity stress, (iii) to study the mechanism of stress tolerance in rootstock and its influence on gene expression in scion variety under stress, (iv) to identify promising salinity tolerance genes from grapes and (iv) to develop functional markers for salinity tolerance in grapes. The project involves RNA sequence based transcriptome analysis and proteome analysis. Vines were raised to conduct the experiment. Standardisation of different protocols is in progress.

Production Technology

Evaluation of rootstocks for growth, yield, fruit composition and wine quality of Cabernet Sauvignon grapes grown in Pune region of India

Four year old Cabernet Sauvignon vines grafted on seven different rootstocks were evaluated for growth, yield and fruit composition and must parameters.

Vegetative parameters: Significant variation was recorded for pruning weights of Cabernet Sauvignon during both foundation and fruit pruning with highest being recorded on 110R rootstock followed by those on SO4. Least was on 101-14Mgt and Fercal rootstock. No

किया। 101-14 एमजीटी एवं फरकाल मूलवृन्तों पर निम्नतम था। अन्य कायिक मापदंडों जैसे केन व्यास, अंतर आसंधि अंतर, शुष्क पदार्थ प्रतिशत में असार्थक अंतर दर्ज किया गया। ग्रावेसेक मूलवृंत पर फलछंटाई के 15 दिन बाद निम्नतम स्फुटन प्रतिशत दर्ज किया गया जबकि 101-14 एमजीटी में अधिकतम था। निम्नतम सांकुर-मूलवृंत अनुपात भी ग्रावेसेक मूलवृंत में पाया गया जबकि 140 आरयू में अधिकतम था (तालिका 10)।

significant difference was recorded for other vegetative parameters such as cane diameter and inter-nodal distance and percent dry matter (at cane maturity stage). Least sprouting percent at 15th day after fruit pruning was recorded on Gravesac rootstock while it was highest on 101-14 Mgt. Least stock scion ratio was also recorded on Gravesac while it was highest on 140Ru (Table 10).

तालिका 10. कॅबरनेट सॉविग्नॉन के कायिक मापदडों पर मूलवृन्तों का प्रभाव
Table 10. Influence of rootstocks on vegetative parameters of Cabernet Sauvignon

मूलवृन्त Rootstocks	अप्रैल छंटाई वजन (किग्रा) April pruning wt. (kg)	केन्स की संख्या No. of canes	केनव्यास (मिमी) Cane diameter (mm)	अंतर आसंधि (सेमी) Inter-node (cm)	केन्स में शुष्क पदार्थ Dry matter in canes (%)	अक्तूबर छंटाई वजन (ग्रा) October pruning wt. (g)	अंकुरण Sprouting (%)	मूलवृन्त: कलम अनुपात Stock: Scion ratio
101-14 एमजीटी 101-14 Mgt	0.66	20.15	5.18	3.75	55.49	217	68.17	1.04
1103पी / 1103P	0.90	25.57	5.41	4.29	52.57	328	64.84	0.94
110आर / 110R	1.18	25.52	5.71	4.17	52.12	568	49.34	1.09
140 आरयू / 140 Ru	0.83	26.84	5.67	4.43	53.67	483	55.50	1.13
फरकाल / Fercal	0.59	23.05	5.67	3.59	53.04	376	57.47	1.28
ग्रावेसेक / Gravesac	0.91	23.52	5.76	4.33	54.72	276	60.68	0.90
एसओ4 / SO4	0.97	26.12	5.56	3.85	53.12	520	58.79	1.03
SEM±	0.086	1.479	0.146	0.281	0.683	32.728	4.761	0.078
CD (p = 0.05)	0.0210	3.599	NS	NS	1.663	79.65	NS	0.190

फल कलिका विभेदन अवस्था पर पर्णवृन्त में पोषक संयोजन: विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित कॅबरनेट सॉविग्नॉन अंगूरों के पर्णवृन्त विश्लेषण में आधारीय छंटाई के 45 दिनों नाइट्रोजन और फॉस्फोरस निहितता में कोई सार्थक अंतर नहीं दिखा। हालांकि निहित पोटॅशियम के लिए मूलवृन्तों में सार्थक भिन्नता थी और पोटॅशियम मात्रा 101-14 एमजीटी में अधिकतम थी जिसका

Petiole nutrient composition at fruit bud differentiation stage: The petiole analysis of Cabernet Sauvignon grapes grafted on different rootstocks sampled at 45 days after foundation pruning did not show any significant difference for nitrogen and phosphorus content. However potassium content varied significantly among rootstocks with highest on

अनुसरण ग्रावेसेक तथा 110आर द्वारा किया गया। 110आर मूलवृंत में निम्नतम सोडियम सांद्रता पाई गई जिसका अनुसरण ग्रावेसेक तथा 101-14एमजीटी ने किया था। सूक्ष्म पोषक तत्वों जस्ता तथा मैंगनीज की सांद्रता में सार्थक अंतर था बल्कि तांबे और लोहे की सांद्रता के लिए सार्थक अन्तर दर्ज नहीं किया गया।

उपज, फल संचरना एवं द्राक्षरस मानक: किसी भी उपज घटक जैसे गुच्छों की संख्या, औसत गुच्छा वजन एवं उपज प्रति एकड़, में सार्थक भिन्नता नहीं थी। उपज सीमा 3.53 टन/एकड़ (फरकाल) से 4.41 टन/एकड़ (एसओ4) थी। 110आर और 101-14 एमजीटी मूलवृंन्तों पर उच्चतम कुल घुलनशील ठोस पदार्थ दर्ज किया गया लेकिन मूलवृन्तों में असार्थक भिन्नता थी। कुछ फल संरचना मानकों जैसे रस की अम्लता और पीएच, पोटॅशियम और सोडियम निहितता के लिए मूलवृन्तों के मध्य सार्थक अंतर था। हालाकि एंथोसायनिन सांद्रता और फिनोलिक निहितता 110आर मूलवृंत पर अधिकतम थी, परन्तु मूलवृन्तों के मध्य असार्थक अंतर था। 1103पी, 110आर एवं 140आरयू मूलवृन्तों में उच्चतम मैलिक अमल निहित था जबकि 101-14 एमजीटी और ग्रावेसेक मूलवृंत में निम्नतम था। कुल फिनोलिक यौगिकों एवं अधिकांश फ्लेवेनोइड्स के लिए मूलवृन्तों के मध्य सार्थक भिन्नता देखी गई। 1103पी, 110आर एवं 140आरयू मूलवृन्तों में उच्चतम फिनोलिक निहित पाया गया जबकि एसओ4 एवं फरकाल मूलवृन्तों में निम्नतम था।

विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित थॉमसन सीडलैस अंगूर के वृद्धि और विकास के विभिन्न फलाद्गमिकी संबंधी चरणों में प्रोटिओमिक विश्लेषण

प्रोटीन निष्कर्षण और 2 डी वैद्युतकण संचलन प्रोटोकॉल का शोधन

पिछले वर्ष के दौरान परीक्षित किए गए चार प्रोटोकॉल के साथ साथ, एक आशाजनक विधि (संशोधित टीसीए-एसीटोन/फिनोल निष्कर्षण विधि) को परिष्कृत किया गया और कुल मिलाकर, अंगूर की पत्ती से प्रोटीन निष्कर्षण की पाँच विधियों की तुलना की गई। हालांकि प्रोटीन मात्रा में कुछ अंतर देखे गए, ये अंतर सांख्यिकीय तौर पर निरर्थक थे। विभिन्न ऊतकों से प्रोटीन प्राप्ति के लिए फिनोल निष्कर्षण और संशोधित फिनोल निष्कर्षण विधि की

101-14Mgt followed by those on Gravesac and 110R. Least sodium concentration was recorded on 110R rootstock followed by those on 110R, Gravesac and 101-14Mgt. Among micronutrients significant difference was recorded for zinc and manganese concentration but not for copper and iron concentration.

Yield, fruit composition and must parameters: No significant difference was recorded for any of the yield component parameters such as number of clusters, average cluster weight and yield per acre. The yield ranged from 3.53 tons/acre (Fercal) to 4.41 tons/acre (SO4). Highest TSS was recorded on 110R and 101-14Mgt rootstock but the difference was not significant among rootstocks. Some of the fruit composition parameters such as juice acidity and pH, juice potassium and sodium content differed significantly among rootstocks. Though anthocyanin concentration and phenolic content was highest on 110R rootstock the difference was not significant among rootstocks. Highest malic acid content was observed on 1103P, 110R and 140 Ru rootstocks while it was least on 101-14 Mgt and Gravesac rootstocks. Significant difference was observed among rootstocks for total phenolic compounds and most of the flavonoids. Highest phenol content was recoded on 1103 P, 110R and 140 Ru rootstocks while it was least on SO-4 and Fercal rootstocks.

Proteomic analysis of Thompson Seedless grapes grafted on different rootstocks at different phenological stages of growth and development

Refinement of protein extraction and 2D electrophoresis protocols

Along with four protocols tried during previous year, one promising method (modified TCA-Acetone/Phenol extraction method) was refined and altogether, five methods were compared for extraction of proteins from grape leaves. Although some differences were observed in protein yield, the differences were statistically non-significant. Protein yield from different tissues using phenol extraction and

तुलना की गई। यद्यपि पत्ती से प्रोटीन मात्रा में दोनों तरीकों के बीच भिन्नता नहीं थी, कली और गुच्छे से प्रोटीन प्राप्ति में दो तरीकों में सार्थक अंतर था। संशोधित फिनोल निष्कर्षण विधि का उपयोग कर दोनों ऊतकों से सार्थक रूप से अधिक प्रोटीन प्राप्त की गई (तालिका 11)।

modified phenol extraction method was compared. Though the protein yield from leaf was on par, the protein yield from bud and cluster was significantly different and significantly higher protein yield was obtained by modified phenol extraction method (Table 11).

तालिका 11. संशोधित फिनोल निष्कर्षण विधि का उपयोग कर विभिन्न अंगूर लता ऊतकों से प्रोटीन मात्रा (मिग्रा/ग्रा एफडब्ल्यू)
Table 11. Protein yield (mg/g FW) from grapevine tissue using phenol extraction and modified methods

निष्कर्षण विधि Extraction method	कली Bud	गुच्छा Cluster	पत्ती Leaf
टीसीए-एसीटोन/फिनोल विधि TCA-Acetone/Phenol method	1.13	0.32	1.59
संशोधित टीसीए-एसीटोन/फिनोल विधि Modified TCA-Acetone/Phenol method	4.83	1.75	1.98
सार्थकतास्तर Significance level	*	*	NS

*differences significant at $p<0.01$

विभिन्न ऊतकों से प्रोटीन की 2डी वैद्युतकण संचलन

2डी वैद्युतकण संचलन पर, विभिन्न अंगूर ऊतक प्रकारों के बीच, प्रोटीन स्पॉट की अधिकतम संख्या पत्तियों (581) में थी जिसका अनुसरण गुच्छों (520) ने किया और निम्नतम स्पॉट कलियों (320) में दर्ज किए गए (चित्र 3)। विभिन्न उत्तकों से प्रोटीन स्पॉट की प्रचुरता विभिन्न पीएच श्रेणी और आण्विक भार श्रेणी में देखी गयी इससे विभिन्न अवस्थाओं में प्रोटीन के अन्तरीय अभिवियक्ति का संकेत मिलता है (चित्र 4)।

फलकालिका विभेदन चरण में अन्तः विकसित हार्मोन का आकलन

विभिन्न मूलवृंतों पर कलमित थॉमसन सीडलैस की परिपक्व पत्तियों का एलसी-एमएस/एमएस पर अन्तः विकसित हार्मोन के लिए फलकालिका विभेदन चरण पर विश्लेषण किया गया। अन्तः विकसित आईएए, जीए$_3$, एबीए और यूरेसिल का सभी मूलवृंत-सांकुर संयोजनों में विभिन्न स्तरों पर पता लगाया जा सका। स्वमूलित लताओं में आईएए की सांद्रता उच्चतम थी, जबकि डॉगरिज मूलवृंत

2D electrophoresis of protein from different tissues

Among different grape tissue types, maximum number of protein spots was recorded in leaves (581) followed by those in clusters (520) and least spots were recorded in buds (320) (Fig. 3). The abundance of protein spots from different tissues was observed in different pH range as well as molecular weight range, suggesting differential expression of proteins at different stages (Fig. 4).

Estimation of endogenous hormones at fruit bud differentiation stage

Mature leaves were analyzed at fruit bud differentiation stage for endogenous hormones in Thompson Seedless grafted on different rootstocks using LC-MS/MS. Endogenous IAA, GA$_3$, ABA and uracil in all the stock scion combinations at different levels could be detected. Concentration of IAA was highest on own rooted vines while it was least on

में सबसे कम। जीए3 और एबीए सांद्रता के लिए उत्क्रमणीय प्रवृत्ति देखी गई जो कि डॉगरिज में सर्वाधिक था जिसका अनुसरण स्वमूलित लताओं ने किया। स्वमूलित लताओं में यूरेसिल की सर्वाधिक जबकि डॉगरिज मूलवृंत में न्यूनतम सांद्रता देखी गई। डीएनए और आरएनए के आकलन के लिए स्पेक्ट्रोफोटोमीटर विधि का मानकीकरण किया गया।

Dogridge rootstock while reverse was the trend for GA_3 and ABA concentration where their concentration was highest on Dogridge followed by those on own rooted vines. Highest concentration of uracil was observed on own rooted vines while it was least on Dogridge rootstock.



चित्र 3. विभिन्न उत्तकों के 2डी जैल में प्रोटीन स्पॉट की संख्या
Fig. 3. No. of protein spots on 2D gel in different grapevine tissues



कली / Bud　　पर्ण / Leaf　　मणि / Berry

चित्र 4. अंगूरलता के विभिन्न उत्तकों के 2डी जैल
Fig. 4. 2D gels of different grapevine tissues

विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित थॉमसन सीडलैस अंगूरलता में फलछंटाई के पश्चात कालिका भंजन के दौरान एंजाइम गतिविधि

डॉगरिज, 110आर पर कलमित तथा थॉमसन सीडलैस की स्वमूलित लताओं की अग्रस्थ दो कलिकाओं का फल छंटाई के 0–9 दिन के बीच 3 दिन के अंतराल पर उनकी स्टार्च सांद्रता, ऐमाइलेज, परओक्सीडेज तथा पौलीफिनोल ओक्सीडेज (पीपीओ) एंजाइमों का विश्लेषण करने के लिए नमुने लिए गए। 0 दिन पर स्वमूलित लताओं में उच्चतम स्टार्च सांद्रता दर्ज की गई जिसका अनुसरण डॉगरिज पर कलमित लताओं ने किया, जबकि 9 वें दिन डॉगरिज पर कलमित लताओं में स्टार्च सर्वाधिक एवं स्वमूलित लताओं में न्यूनतम था। एमाइलेस गतिविधि स्वमूलित लताओं में उच्चतम थी, जिसका अनुसरण डॉगरिज पर कलमित लताओं ने किया (चित्र 5)। 110आर में तीन दिन पर अमाइलेज गतिविधि में अचानक वृद्धि देखी गथी जबकि डॉगरीज और स्वमूलित लताओं में क्रमिक वृद्धि थी। सभी मूलवृत्तों में, परॉक्सीडेज़ और पीपीओ एन्जाइम की अधिकतम गतिशीलता 0 दिन पर और तत्पश्चात् क्रमिक कमी पाई गई (चित्र 6)। छंटाई के बाद 12वें दिन, सर्वाधिक कली स्फुटन 110आर पर कलमित, तत्पश्चात् स्वमूलित और न्यूनतम डॉगरिज पर कलमित लताओं में पाया गया (चित्र 7)।

Enzyme activity during bud break after fruit pruning of Thompson Seedless grapevine on different rootstocks

Apical two buds of Thompson Seedless vines grafted on Dogridge, 110R and own rooted vines were sampled at 3 days interval from 0 to 9 days after fruit pruning to analyze their starch concentration and activity of amylase, peroxidase (POD) and polyphenol oxidase (PPO) enzymes. Highest starch concentration was recorded on own rooted vines followed by those on Dogridge rootstock on 0 day, while on 9th day, it was highest on Dogridge and least on own rooted vines. Amylase activity was highest on own rooted vines followed by those on Dogridge rootstock (Fig. 5). In 110R, a sudden increase in amylase activity was observed at 3rd day while gradual increase in amylase activity was observed in own rooted and vines grafted on Dogridge rootstock. In all the rootstocks, highest activity of Peroxidase and PPO enzymes were observed on 0 day followed by gradual reduction till 9th day (Fig. 6). Highest percent of bud break was recorded on 110R followed by those on own roots on 12th day after pruning while it was least on Dogridge (Fig. 7).



चित्र 5. कली स्फुटन के दौरान अमाइलेज कार्यशीलता

Fig. 5. Analase activity during bud sprouting



चित्र 6. कली स्फुटन के दौरान पर ऑक्सीडेज कार्यशीलता

Fig. 6. Peroxidase activity during bud sprouting



चित्र 7. छंटाई के बाद 12 वें दिन कली स्फुटन

Fig. 7. Bud burst at 12th day after pruning

उपज और वाइन की गुणवत्ता के लिए वाइन किस्मों का भारतीय परिस्थितियों में निष्पादन

भारत के पुणे क्षेत्र में वृद्धि, उपज और फल संरचना के लिए वाइन किस्मों (नौ श्वेत और दस लाल वाइन किस्मों) के प्रदर्शन का अध्ययन करने के लिए एक भारत और फ्रांस सहयोगी परियोजना शुरू की गई।

श्वेत वाइन क़िस्मों का प्रदर्शन

वृद्धि मापदंड: अध्ययन की गई श्वेत क़िस्मों के मध्य कायिक मापदडों में सार्थक अंतर दर्ज किए गये। छंटाई–जैवद्रव्यमान मस्कट व्हाइट में 0.250 किग्रा से कोलोंबार्ड किस्म में 0.330 किग्रा के बीच पाया गया। कालिका स्फुटन के लिए आवश्यक दिन तथा कालिका स्फुटन प्रतिशत में कोई महत्वपूर्ण अंतर दर्ज नहीं किया गया। शाखा लंबाई के रूप में टहनी ओज में क़िस्मों के मध्य सार्थक अंतर था। यह वार्मिंटनों (40.64 सेमी) में सबसे कम तथा कोलंबार्ड (72.2 सेमी) में उच्चतम पाया गया। टहनी व्यास 3.99 मिमी से 6.58 मिमी तक सार्थक रूप से भिन्न था। प्रति लता टहनी संख्या में विविधता 11.84 से 24.28 तक थी।

उपज एवं फल संरचना मानक: विभिन्न किस्मों में फलन, गुच्छा संख्या प्रति लता, गुच्छ वजन, मणि वजन और कुल घुलनशील ठोस में सार्थक अंतर था। गुच्छ संख्या प्रति लता में भिन्नता 25 (ग्रोस मेन्सेंग) से 64 (कोलंबार्ड) तक थी। गुच्छा वजन गेवुट्रज़्मनर में 61.90 ग्रा से शेनिन ब्लैंक में 118.29 ग्रा तक था। उच्चतम 100 मणि वजन वरमनटिनों (202.44 ग्रा) और निम्नतम रीस्लिंग (83 ग्रा) में था। उपज प्रति लता 7.57 किग्रा (कोलंबार्ड) से 2.5 किग्रा (व्हाइट मस्कट) में थी। उच्चतम टीएसएस (25.7 °ब्रि) गेवुट्रज़्मनर में दर्ज किए गये जबकि निम्नतम (14.40 °ब्रि) वीओनर में थे। किस्मों के मध्य रस पीएच में असार्थक अंतर था।

लाल वाइन क़िस्मों का प्रदर्शन

वृद्धि मापदंड : प्रत्येक छंटाई के समय छंटाई वजन के संदर्भ में लता ओज मापा गया। छंटाई–जैवद्रव्यमान, पैटिट वर्डट में 0.117 किग्रा से सिन्सौट में 0.353 किग्रा तक था। जो प्रत्येक किस्म के वृद्धि प्रतिरूप में विभिन्नता का संकेत देता है। उच्च टहनी

Performance of wine varieties for yield and quality wine under Indian Condition

An Indo France collaborative project was initiated during 2008 to study the performance of wine varieties (nine white and ten red wine varieties) in Pune region of India for growth and yield parameters, fruit composition and must parameters.

Performance of white wine varieties

Growth Parameters: Significant differences were recorded for vegetative parameters among all the white wine varieties studied. The pruned biomass ranged from 0.250 kg in Muscat White to 0.330 kg in Colombard variety. No significant difference was recorded for days taken for bud burst and per cent bud burst. Shoot vigour in terms of shoot length varied significantly among the varieties. It ranged from lowest in Vermentino (40.64 cm) to highest in Colombard (72.2 cm). Shoot diameter differed significantly from 3.99 mm to 6.58mm. Total number of canes per vine varied from 11.84 to 24.28.

Yield and fruit composition parameters: Different varieties differed significantly for fruitfulness, number of bunches per vine, bunch weight, berry weight and TSS. Number of bunches per vine varied 25 (Gros Menseng) to 64 (Colombard). The bunch weight ranged from 61.90 g in Gewurztraminer to 118.29 g in Chenin. Highest 100 berry weight was recorded in Vermentino (202.44 g) and lowest weight in Riesling (83 g). The yield per vine ranged from 7.57 kg in Colombard to 2.5 kg/vine in Muscat White. Highest TSS (25.7°B) was recorded in Gewurztraminer while the lowest (14.40 °B) in Viognier. The difference for juice pH was found to be non-significant.

Performance of red wine varieties

Growth Parameters: Vine vigour measured in terms of pruning weight recorded at the time of each pruning. The pruned biomass ranged from 0.117 kg in Petit Verdot to 0.353 kg in Cinsaut indicating variation in growth pattern of each variety. Higher shoot vigour in terms of shoot length was measured in Niellucio

ओज टहनी लंबाई के रूप में निल्लुसिओ (62.16 सेमी) में मापा गया जबकि टहनी की लंबाई सबसे कम मरलो (29.96 सेमी) में थी। टहनी व्यास टेम्परानिल्लों में 4.55 मिमी से कालडॉक में 5.95 मिमी था। सभी लाल वाइन क़िस्मों में टहनी/लता तथा गुच्छों की संख्या/टहनी में सार्थक अंतर था। टहनियों की संख्या पैटिट वर्डट में 14.48 से कॅबरनेट सॉविग्नॉन में 23.16 तक पाई गई।

उपज एवं फल संरचना: प्रति लता कुल गुच्छ संख्या निल्लुसिओ में 19.00 से सिरा में 57.00 तक थी। औसत गुच्छ वजन 58.43 ग्रा (मरलो) से 104.89 ग्रा (टेम्परानिल्लों) पाया गया। सौ मणि वजन सबसे अधिक सिन्सौट (212.82 ग्रा) में जबकि सबसे कम पैटिट वर्डट (64.10 ग्रा) में था। औसत उच्चतम गुच्छ वजन टेम्परानिल्लों में (104.89 ग्रा) तथा न्यूनतम मरलो (58.43 ग्रा) में था। कुल घुलनशील ठोस और रस पीएच के लिए असार्थक अंतर दर्ज किया गया। वाष्पशील अम्लता 0.04 ग्रा/ली (कालडॉक और ग्रीनिच) से 0.13 ग्रा/ली (पैटिट वर्डट) थी।

गुणवत्ता वाली वाइन उत्पादन के लिये कृषिक क्रियाओं का मानकीकरण

वितान प्रबंधन की क्रियायें, ट्रेलिस एवं ट्रेनिंग पद्धति, कटाई छंटाई, प्ररोह विरलन, गुच्छा क्षेत्र को प्रकाश देने के लिये पर्ण विरलन, फल-गुच्छ विरलन इत्यादि फल संरचना और वाइन-गुणवत्ता को सुधारने में शामिल हैं।

कॅबरनेट सॉविग्नॉन की वृद्धि एवं फल संरचना पर ट्रेनिंग प्रणाली का प्रभाव

डॉगरिज मूलवृंत पर कलमित कॅबरनेट सॉविग्नॉन से गुणीय अंगूरों के उत्पादन पर प्रशिक्षण प्रणाली के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए यह प्रयोग मैसर्स सुला वाइनरी, जिला नासिक में शुरू किया गया। यह प्रयोग चार साल पुरानी लताओं जो कि मिनी वाई और ऊर्ध्वाधर प्ररोह स्थिति (वीसपी) ट्रेनिंग पद्धति पर थीं, के ऊपर किया गया। कायिक मापदंडों में, वीसपी (59.66 सेमी) की तुलना में वाई पद्धति (61.55 सेमी) में टहनी की लंबाई अधिक थी। वाई पद्धति (22) में वीसपी (15) की अपेक्षा प्रति लता केन संख्या अधिक दर्ज की गई। वाई पद्धति में कोरडॉन की लंबाई अधिक थी

(62.16 cm) while the least shoot length was in Merlot (29.96 cm). The shoot diameter ranged from 4.50 mm in Tempranillo to 5.95 mm in Caladoc variety. Significant differences for cane per vine and number of bunches per vine were recorded among all the red wine varieties. Number of canes ranged from 14.48 in Petit Verdot to 23.16 in Cabernet Sauvignon.

Yield and fruit composition: The total number of bunches per vine varied from 19.00 in Niellucio to 57.00 in Syrah. Average bunch weight ranged from 58.43 g in Merlot to 104.89g in Tempranillo variety. Hundred berry weight was highest in Cinsaut (212.82 g) while the least berry weight was in Petit Verdot (64.10 g). Average bunch weight was highest in Tempranillo (104.89 g) and least in Merlot (58.43 g). The difference for total soluble solids and juice pH was recorded to be non significant. Volatile acidity ranged from 0.04 (Caladoc and Grenache) to 0.13 (Petit Verdot).

Standardization of cultural practices for the production of quality wine

Canopy management practices to improves fruit composition and wine quality includes, trellises and training system, pruning, shoot thinning, leaf removal to expose cluster zone to sunlight, bunch thinning, etc:

Effect of training system on growth and fruit composition of Cabernet Sauvignon grapes

This experiment was initiated at vineyards of M/s Sula Wineries, Nasik Dist. to study the effect of training system on production of quality grapes in Cabernet Sauvignon grafted on Dogridge rootstock. The experiment was conducted on four years old vines trained to mini Y and vertically shoot positioned (VSP) system of training. Among the vegetative parameters, shoot length was more in Y system (61.55 cm) as compared to VSP (59.66 cm). Higher number of canes per vine was recorded in Y system (22) than in the VSP (15). The cordon length was higher in Y system resulting in higher number of bunches (79) as against 24 bunches in VSP system. Higher average bunch weight

जिसके परिणाम स्वरूप इसमें फल-गुच्छों की संख्या (79), वीसपी प्रणाली (24) के मुकाबले अधिक थी। वीसपी की अपेक्षा मिनी वाई पर लताओं में औसत गुच्छ वजन और उपज अधिक दर्ज किया गया। हालांकि, टीएसएस और प्रतिशत रस प्राप्ति वीसपी पद्धति पर ट्रेन लताओं में वाई पद्धति की तुलना में अधिक थी।

छंटाई तारीखों का सिरा वाइन अंगूरों की वृद्धि, उपज और द्राक्षरस की गुणवत्ता पर प्रभाव

छंटाई तारीखों का अंगूरों की वृद्धि, उपज और द्राक्षरस की गुणवत्ता पर प्रभाव के अध्ययन के लिये डॉगरिज मूलवृंत पर कलमित चार साल पुरानी सिरा लताओं पर प्रयोग मैसर्स सुला वाइनरी, नासिक के द्राक्षबाग में किया गया। तीन भिन्न तिथि 22 सितम्बर (प्रथम), 27 सितंबर (दूसरे) और 5 अक्तूबर 2012 (तृतीय) पर फल-छंटाई की गई। छंटाई के 120 दिन बाद कायिक मापदंड आंकड़े दर्ज किए गये। प्रथम तिथि की छंटाई से सबसे लंबी टहनी (82.75 सेमी) पाई गई जिसका अनुसरण दूसरी छंटाई की तिथि (60.50 सेमी) ने किया। टहनी व्यास और अंत: आसंधि लंबाई में सार्थक अंतर दर्ज किए गए। विभिन्न तिथियों के मध्य प्रति लता फल-गुच्छों की संख्या में सार्थक अंतर पाया गया। अधिकतम फल-गुच्छ संख्या प्रति लता प्रथम छंटाई तिथि (104) में जबकि न्यूनतम तीसरी छंटाई (64) में थी। अन्य छंटाई तिथियों की तुलना में औसत फल-गुच्छ वजन पहली छंटाई तिथि (93.88 ग्राम) में अधिक था। दूसरी तिथि को छंटाई की गई लताओं में उपज प्रति लता (7.79 किग्रा) सर्वाधिक थी। पहली छंटाई में उच्चतम टीएसएस (23.90 °ब्रि) दर्ज किया गया। रस पीएच 3.05-3.88 की रेंज में था। रस में वाष्पशील अम्ल 0.09 ग्रा/ली से लेकर 0.16 ग्रा/ली था। रसप्राप्ति 52 से 58 प्रतिशत के मध्य थी और छंटाई तारीखों के बीच सार्थक अंतर नहीं पाया गया।

सिरा और शेनिन ब्लैंक किस्म की उपज और वाइन की गुणवत्ता पर फल-गुच्छ भार का प्रभाव

110 आर मूलवृंत पर कलमित सिरा और शेनिन ब्लैंक किस्म की उपज और वाइन की गुणवत्ता पर फल-गुच्छ भार के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए यह प्रयोग संस्थान के प्रयोगात्मक द्राक्ष-बाग में किया गया। लताओं के बीच अंतर 1.2 मी तथा पंक्तियों में अंतर 2.4 मी था। दोनों किस्मों में फल-गुच्छ भार प्रति लता

and yield per vine was recorded in mini Y trained vines than in the VSP. However, TSS and per cent juice recovery was more in VSP trained vines than in the Y system.

Effect of pruning dates on growth, yield and must quality in Syrah wine grapes

An experiment on the effect of pruning dates on growth, yield and juice quality in Syrah wine grapes was conducted on four years old vines grafted on Dogridge rootstock in Vineyards of M/s. Sula Wineries, Nasik. Fruit pruning was performed on three different dates viz., 22nd September (first), 27th September (second) and 5th October, 2012 (third). The data on vegetative parameters was recorded at 120 days after pruning. The highest shoot length (82.75 cm) was recorded in the vines pruned on first date followed by the second pruning date (60.50 cm). Significant differences were recorded for shoot diameter and intermodal length. Number of bunches per vine varied significantly among the different dates of pruning. The highest number of bunches were recorded in first pruning date (104) while the least was in third pruning (64). Average bunch weight was highest in the first pruning date (93.88 g) as compared to the other pruning dates. The yield per vine was highest in vines pruned on second date (7.79 kg). Highest TSS was recorded in first pruning (23.9 °B). The juice pH was in the range of 3.05 to 3.88. Volatile acids in the juice ranged from 0.09 g/L to 0.16 g/L. The juice recovery ranged from 52 to 58 per cent which did not differ significantly among pruning dates.

Effect of bunch load on yield and wine quality in Syrah and Chenin Banc variety

This experiment was conducted to study the effect of bunch load on wine quality of Syrah and Chenin Blanc grafted on 110R rootstock in institute's experimental vineyard. The vines were spaced at 1.2 m between vines and 2.4 m between the rows. The bunch load per vine in both the varieties was maintained at 30, 40, 50, 60, 70 and 80 bunches/vine. In Syrah, with the increase in bunch load, vegetative growth in terms of

30, 40, 50, 60, 70 और 80 रखा गया। सिरा में फल-गुच्छ भार में वृद्धि करने पर कायिक वृद्धि में कमी हुई। इसी प्रकार मणि वजन तथा फल-गुच्छ वजन भी फल-गुच्छ भार में वृद्धि के साथ कम हुआ। उपज प्रति लता 30 फल-गुच्छ उपचार में 2.77 किग्रा से 70 फल-गुच्छ उपचार में 5.56 किग्रा तक थी। रस पीएच 3.67 से 3.91 तक था जबकि टीएसएस 30 फल-गुच्छ में 22.70 °ब्रि से 80 फल-गुच्छ उपचार में 19.40 °ब्रि था।

शेनिन ब्लैंक में कायिक वृद्धि मापदडों में सार्थक अंतर दर्ज किए गए। टहनी की लंबाई 57.01 सेमी से 64.03 सेमी तक थी जबकि अंत: आसन्धि लंबाई 4.45 सेमी से 4.83 सेमी तक थी। फल-गुच्छ भार में वृद्धि के साथ औसत फल-गुच्छ वजन में कमी आयी। फल-गुच्छ वजन 30 फल-गुच्छ भार में 112.88 ग्राम से लेकर 80 फल-गुच्छ भार में 90.06 ग्राम तक था। तीस फल-गुच्छ (3.25 किग्रा/लता) की तुलना में 80 फल-गुच्छ/लता रखने पर अधिकतम उपज 7.1 किग्रा/लता दर्ज की गई। फल-गुच्छ भार में वृद्धि के साथ कुल घुलनशील ठोस में कमी पायी गई। फल-गुच्छ भार में वृद्धि से रस पीएच और अनुमापित अम्लता में कमी थी।

सिरा वाइन की गुणवत्ता पर सूर्य पहुँच का प्रभाव

सूर्य प्रकाश का सिरा फल-गुच्छ के विकास, फल संरचना एवं वाइन गुणवत्ता पर प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक प्रयोग आयोजित किया गया। सूर्य प्रकाश के लिए फल-गुच्छ के पूर्ण अनावरण (95.7 ग्रा) की तुलना में छाया में स्थित फल-गुच्छों (128.1 ग्रा) के औसत फल-गुच्छ वजन में वृद्धि देखी गई। मणि व्यास एवं मणि लंबाई में भी यही प्रवृत्ति दर्ज की गई। हालांकि, छाया के अंदर फल-गुच्छों के कुल घुलनशील ठोस (19.50 °ब्रि) में कमी पाई गई। फल-गुच्छ के विभिन्न अनावरण स्तरों के बीच अनुमापित अम्लता में सार्थक अंतर नहीं दर्ज किया गया। पूर्ण छाया के नीचे फल-गुच्छों को रखने पर रस पीएच में वृद्धि हुई।

कॅबरनेट सॉविग्रॉन और सॉविग्रॉन ब्लैंक वाइन अंगूर की किस्मों की फल संरचना पर पर्ण निष्कासन का प्रभाव

उष्णकटिबंधीय जलवायु में वाइन अंगूर में फल की संरचना में सुधार के लिए सूर्य- प्रकाश एक दुर्लभ संसाधन नहीं है, फिर

shoot length and shoot diameter was reduced. Similarly berry weight and bunch weight was significantly reduced with the increase in bunch load. The yield per vine ranged from 2.77 kg in 30 bunch treatment to 5.56 kg in 70 bunches/vine treatment. The juice pH varied from 3.67 to 3.91 whereas total soluble solids ranged from 22.70 °B in 30 bunches to 19.40 °B in 80 bunch treatment.

In Chenin Blanc, significant differences were recorded for vegetative growth parameters. The shoot length ranged from 57.01cm to 64.03 cm whereas inter-nodal length varied from 4.45 cm to 4.83 cm. The average bunch weight was reduced with the increase in bunch load. The bunch weight ranged from 112.88 g in 30-bunch load to 90.06 g in 80-bunch load. Higher yield of 7.1 kg/vine was recorded when 80 bunches per vine were maintained as compared to 3.25 kg/vine in 30-bunches/vine. With the increase in bunch load the TSS was found to be reduced. Juice pH and titratable acidity was reduced with the increase in bunch load.

Effect of sun exposure on wine quality in Syrah

An experiment was conducted to study the effect of sunlight on bunch development, fruit composition and wine quality in Syrah grapes. The average bunch weight was increased (128.10 g) when bunches were under the shade compared to complete bunch exposure to sunlight (95.70 g). Same trend was also recorded for berry diameter and berry length. However, TSS was found to be reduced in the shaded bunches (19.50 °B). No significant difference was recorded for titratable acidity among different levels of bunch exposure. The Juice pH was found to be increased when the bunches were placed under complete shade.

Effect of leaf removal on fruit composition of Cabernet Sauvignon and Sauvignon Blanc wine grape varieties

Though sunlight is not a scarce resource in tropical climate for improving fruit composition in wine grapes, there is still a deficiency of sunlight into the fruit zone in vigorous varieties (eg. Sauvignon Blanc) with denser canopies. In this experiment, the clusters were

भी सघन वितान के साथ ओजस्वी किस्मों (जैसे सॉविग्नॉन ब्लैंक) में फल-क्षेत्र में सूर्य-प्रकाश की कमी पाई जाती है। इस प्रयोग में कॅबरनेट सॉविग्नॉन और सॉविग्नॉन ब्लैंक किस्मों में फल क्षेत्र तक सूर्य प्रकाश की पहुँच के लिए वितान के किसी एक तरफ चयनित पर्ण निष्कासन किया गया। विरेजन के समय गुच्छ धारीय टहनियों से 5-6 आधारीय पर्णों का निष्कासन किया गया।

कॅबरनेट सॉविग्नॉन में अम्लता, पोटेशियम मात्रा तथा टार्टरिक अम्ल के लिए सार्थक अंतर देखे गए। वितान के पूर्वी हिस्से में पर्ण निष्कासन से शर्करा एवं एंथोसाइएनिन मात्रा अनुपचारित की अपेक्षा अधिक थी जबकि पश्चिम की ओर पर्ण निष्कासन ने कम की। जबकि एंथोसाइएनिन एवं फिनोलिक यौगिकों की सांद्रता में अनुपचारित तथा उपचारित लताओं के मध्य अंतर नहीं था, वितान के दोनों ओर पर्ण निष्कासन से उनकी सांद्रता में मामूली वृद्धि हुई।

सॉविग्नॉन ब्लैंक में विभिन्न उपचारों के मध्य मणि वजन, टीएसएस, अम्लता, पीएच, और पोटेशियम मात्रा में सार्थक अंतर देखे गए। पूर्व की ओर से पर्ण निष्कासन करने पर फल संचरना मापदंड प्रभावित हुए जबकि पश्चिम की ओर से पर्ण निष्कासन से शर्करा तथा फिनोलिक यौगिकों में कमी हुई। अनुपचारित की तुलना में वितान के दोनों ओर से पर्ण निष्कासन करने पर मेलिक अम्ल मात्रा में भारी कमी पाई गई।

कॅबरनेट सॉविग्नॉन लताओं में प्रयुक्त पोटॅशियम का प्रत्यक्ष और अवशिष्ट प्रभाव

110आर मूलवृंत पर कलमित कॅबरनेट सॉविग्नॉन लताओं जिनमें पूर्व मौसम में पोटॅशियम की वर्गीकृत डोज़ दी गई थी, में 2012 की आधारीय छंटाई से प्रयुक्त पोटॅशियम का प्रत्यक्ष और अवशिष्ट प्रभाव के का अध्ययन करने के लिए एक प्रयोग शुरू किया गया। विभिन्न उपचारों में उपलब्ध पोटेशियम की मात्रा 416 से 2740 पीपीएम थी और तालिका 12 के अनुसार 50-200 किग्रा पोटाश/हे दिया गया। फल छंटाई के समय सभी उपचारों में शुष्क वजन के आधार पर 15 टन एफवाईएम/हे फल-छंटाई के समय दिया गया। विभिन्न उपचारों में उपज 17.19 से 19.55 टन/हे और टीएसएस 22.27 से 22.92 °ब्रि तक पाया गया। उपज, छंटाई- जैवद्रव्यमान, टीएसएस, अम्लता और एंथोसायनिन सांद्रता में विभिन्न उपचारों के मध्य सार्थक अंतर नहीं था। विभिन्न

